

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-132 सीहोर, रविवार 06 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को मिल रहे नए आयाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नए कार्यों में सहकारी समितियों को दी जा रही है प्राथमिकता

## युवाओं को स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम हैं सहकारी समितियां



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सहकारिता क्षेत्र को नए आयाम मिल रहे हैं। दुग्ध-उत्पादन, औद्योगिक विकास सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे नए कार्यों में सहकारी समितियों को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता समाज को एक करने के साथ ही युवाओं को बेरोजगारी से बचाने का माध्यम है। रोजगार का अर्थ सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और स्वावलंबन से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है और वर्ष 2025 को रोजगार एवं उद्योग वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी है, क्योंकि आंख पर पट्टी रहते हुए न्याय कैसे हो सकता है। नागरिकों के मूल अधिकार संविधान में उल्लेखित हैं और इसी भावना से व्यक्तियों के आपसी स्वावलंबन और सहभागिता का समावेश सहकारिता में है। वर्तमान सरकार में सहकारिता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। नई समिति की पंजीयन प्रक्रिया 30 दिन में पूर्ण की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस के अवसर पर समन्वय भवन में म.प्र. राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से आयोजित सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता ध्वज फहराकर समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता से उद्योग प्राप्त करने वाली 30 महिलाओं को सिलाई मशीन टूल किट वितरण के प्रतीक स्वरूप एक महिला को सिलाई किट प्रदान की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश में सहकारिता का आंदोलन खड़ा करने के लिए गुजरात में अमूल की स्थापना की। हजारों लोगों को दुग्ध-उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और बेरोजगारी खत्म करने का कार्य किया। राज्य सरकार भी दुग्ध-उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। अभी दुग्ध-उत्पादन में प्रदेश तीसरे स्थान पर है, जो भविष्य में शीर्ष पर पहुंचेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा का किया समाधान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सामने महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने युवा संवाद कार्यक्रम में कई जिज्ञासाएं रखीं। एक छात्रा के सहकारी समिति बनाने की प्रक्रिया और शासकीय कार्य-प्रणाली संबंधी प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में सहकारिता में पारदर्शी व्यवस्था स्थापित की गई है और नई समितियों का पंजीयन 30 दिन में पूर्ण हो रहा है। एक अन्य छात्रा ने सहकारिता संबंधी विषय स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का सुझाव रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर विषय पाठ्यक्रम में रखना कठिन है। लोगों को स्वयं सहकारिता की ओर पहल करनी चाहिए। सहकारिता में सबका स्वागत है, इसमें शिक्षा या आय का कोई बंधन नहीं है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री, कमला प्रसाद-बिसेसर, पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के साक्षी बने।

# अभी हम शांत हैं, इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर हो गए

## 20 साल बाद एक मंच पर आए उद्धव-राज, महाराष्ट्र को तोड़ने वालों को चेताया



मुंबई,(ए.)। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा देकर राज्य को बांटने की कोशिश की। यह उनकी पुरानी रणनीति है जिससे वे लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह और राज ठाकरे आज एक साथ आए हैं। आगे भी साथ रहेंगे। हमारी लड़ाई महाराष्ट्र के लिए है। सालों बाद मैं और राज एक मंच पर हैं। आज हम एक साथ है। यह सबसे अहम है। आज सब एकजुट हैं। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि महाराष्ट्र को तोड़ने की सोचने वाले ये समझ लें। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपवाहों की पार्टी है।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हिंदू और हिंदुस्तान तो हमें मान्य है, लेकिन हिंदी को हमारे ऊपर थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब मैं सीएम था तो मैंने मराठी को अनिवार्य किया था और मुझे इस पर गर्व है। कुछ लोग इस फैसले के खिलाफ कोर्ट गए थे। स्वतंत्रता के बाद कुछ नेताओं ने मुंबई को महाराष्ट्र से छीनने की साजिश रची, लेकिन मराठी भाषी लोगों ने तत्कालीन केंद्र सरकार को मुंबई को महाराष्ट्र और मराठी भाषी लोगों का हिस्सा बनाए रखने के लिए मजबूर किया।ठाकरे ने कहा कि उन्होंने कभी हिंदुत्व को नहीं छोड़ा। आज हमारे बीच का अंतर खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अफवाहों की फैक्ट्री है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं और राज ठाकरे दोनों मिलकर उसे बाहर निकाल देंगे जो हमें बांटना चाहता है। सालों बाद मैं और राज मिले हैं। मुंबई मराठियों की थी और मराठियों की ही रहेगी। उन्होंने कहा कि हम साथ आए हैं साथ रहने के लिए।इस मौके पर राज ठाकरे ने कहा कि अभी हम शांत हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम कमजोर हो गए हैं।

## सिद्धू मूसेवाला के हत्यारे के भाई को हमलावरों ने गोलियों से भूना, बंबीहा गैंग ने ली जिम्मेदारी




अमृतसर(ए)। अमृतसर देहात के मेहता थाने के अधीन आने वाले गांव चंदनके में उस समय सहम का माहौल बन गया जब मोटसाइकल पर आए कुछ हमलावरों ने एक शख्स की गोलियां मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक जुगराज सिंह उर्फ तोता पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला को मारने वाले शूटर जगरूप सिंह उर्फ रूपा का भाई था।हमले की वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसमें देखा जा सकता है कि तीन युवक एक मोटरसाइकल पर सवार होकर आते है और युवक जुगराज सिंह पर फायरिंग करनी शुरू कर देते है। एसपी मनिंदर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया है जांच करवाई जा रही है। इस वारदात की जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बंबीहा गैंग ने ली है। हत्या का कारण जग्गू भगवानपुरिया का साथ देना बताया है। आगे इसमें चेतावनी भी लिखी है, 'जो भौंक रहे हैं, वे भी तैयार रहें। हमारा ध्यान सभी पर है। हालांकि, इस पोस्ट की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए पहला दल रवाना, सीएम धामी ने दिखाई हरी झंडी

चम्पावत,(ए)। उत्तराखंड से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए शनिवार को पहला दल रवाना हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर पर्यटक आवास गृह से यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दल में 11 राज्यों के 45 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें 32 पुरुष और 13 महिलाएं हैं।मुख्यमंत्री धामी ने यात्रियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा स्मृति चिह्न भी भेंट किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए देवभूमि उत्तराखंड में उनका हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन चंद भाग्यशाली लोगों को ही नसीब होती है जो भोलेनाथ की कृपा से इसे पूर्ण कर पाते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, भोजन, आवास, सुरक्षा और परिवहन समेत हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## जम्मू आधार शिविर से 6,900 से अधिक श्रद्धालुओं का चौथा जत्था रवाना

### अब तक करीब 30,000 श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके

जम्मू,(ए)। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भारी बारिश के बीच शनिवार सुबह 6,900 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।



प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो जुलाई को 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक करीब 30,000 श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।अधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालुओं के चौथे जत्थे में कुल 6,979 श्रद्धालु शामिल हैं जिसमें 5,196 पुरुष, 1,427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु-साध्वियां और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। ये सभी श्रद्धालु सुबह साढ़े तीन बजे से चार बजकर पांच मिनट के बीच दो काफिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए।अधिकारियों ने बताया कि इसमें 4,226 श्रद्धालु पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग से नुनवान आधार शिविर के लिए 161 वाहनों में रवाना हुए, जबकि 2,753 श्रद्धालु 151 वाहनों में छोटे लेकिन दुर्गम 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से रवाना हुए। जम्मू आधार शिविर से बुधवार से अब तक कुल 24,528 श्रद्धालु घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं।

## मैं अभी 30-40 साल और जीवित रहूंगा, मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद

### दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर जारी अफवाहों पर लगाया विराम

धर्मशाला,(ए)। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर जारी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह लोगों की सेवा के लिए 30-40 साल और जीवित रहेंगे। मैकलोडगंज में मुख्य दलाई लामा मंदिर त्सुगलागखांग में रविवार को वर्तमान दलाई लामा के जन्मदिन माना जाना है। इससे पहले, दीर्घायु प्रार्थना समारोह में तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि उन्हें स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि अवलोकितेश्वर का



आशीर्वाद उनके साथ है।तिब्बत के आध्यात्मिक नेता ने कहा कि कई भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मैंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। मुझे उम्मीद है कि मैं अभी 30-40 साल और जिंदा रहूंगा। आपकी प्रार्थनाएं अब तक फलदायी रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपना देश खो दिया है और हम भारत में रह रहे हैं।

## बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका का मर्डर, बाइक सवार अपराधियों ने सिर में मारी गोली; 6 साल पहले बेटे की भी हुई थी हत्या

पटना (आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज वारदात हुई, जहां गांधी मैदान थाना क्षेत्र में जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना 4 जुलाई की रात करीब 11 बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार, गोपाल खेमका पनास होटल के पास स्थित अपने अपार्टमेंट के पास जैसे ही अपनी कार से उतरे, अज्ञात हमलावरों ने उन पर



गोलीबारी कर दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और एक गोली और एक खोखा बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। पटना एसपी दीक्षा ने बताया कि, 4 जुलाई की रात 11 बजे के करीब व्यवसायी गोपाल खेमका की गांधी मैदान के दक्षिणी इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटनास्थल को सुरक्षित किया गया है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## फिर बिगड़ी बोइंग! कोलकाता-बैंकॉक उड़ान रद्द, यात्रियों का फूटा गुस्सा

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब बैंकॉक जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने से ठीक पहले रद्द कर दिया गया। विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया।अधिकारियों ने बताया कि थाई लायन एयर की फ्लाइट संख्या SL247 को तड़के 2:35 बजे कोलकाता से बैंकॉक के डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरनी थी।




# तेज बारिश के चलते मणिकर्णिका घाट डूबा, छत पर हो रहे अंतिम संस्कार

## -हिमाचल में 69 मौतें, मध्यप्रदेश, राजस्थान में भारी बारिश



नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ,(ए)। देश के उत्तर और मध्य भारत में मानसून ने तबाही मचाने वाली दस्तक देकर सभी को हैरान-परेशान कर दिया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल और राजस्थान में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां काशी के पवित्र मणिकर्णिका घाट के प्लेटफॉर्म गंगा में डूब गए। अब लोगों को शवों का अंतिम संस्कार घाट की छतों पर करना पड़ रहा है।मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राज्य के मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच बारिश दर्ज की गई। जबलपुर में एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पानी में डूब गया, जिससे गैस सिलेंडर नदी में बहते हुए देखे गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। मंडला जिले में कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो गंगा का जलस्तर 15 फीट बढ़ गया जिससे, मणिकर्णिका घाट डूब गया है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। बीते चार दिनों में जलस्तर 15 फीट तक बढ़ चुका है। शुक्रवार रात 11 बजे तक जलस्तर 62.63 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (71.262 मीटर) के करीब पहुंच रहा है।

## केंद्र ने पुल, फ्लाईओवर, सुरंग वाले राजमार्गों के लिए टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कटौती की

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने वाहन चालकों को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों पर टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कमी की है। इन हिस्सों में सुरंग, पुल, फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य यात्रा की लागत को कम करना और सड़क यात्रा को लोगों के लिए अधिक किफायती बनाना है।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया है और टोल चार्ज की गणना के लिए एक नया फॉर्मूला अधिसूचित किया है।नए नियम के अनुसार, अब टोल की गणना इस तरह से की जाएगी कि राजमार्ग के उन हिस्सों पर शुल्क में कमी आएगी, जिनमें मुख्य रूप से महंगे इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।अधिसूचना के अनुसार, अगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी हिस्से में फ्लाईओवर या सुरंग जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं।

## पूर्व जस्टिस काटजू के विवादित बोल.. .नेताजी जापान के, महात्मा गांधी ब्रिटेन के एजेंट

नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू फिर से विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने जहां नेताजी को जापान का और महात्मा गांधी को ब्रिटिश एजेंट बता दिया। उन्होंने जज के भ्रष्टाचार में शामिल होने को लेकर भी सफाई दी। उन्होंने न्यायालय की लेटलतीफी पर भी सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि नेता जी जापान के लिए काम करते थे। उन्होंने कई बार जापान की मदद की। वास्तव में बोस का इस्तेमाल जापानियों द्वारा हो रहा था, और वे उन्हें तभी मार देते, जब उनकी उपयोगिता खत्म हो जाती। लेकिन साल 1945 में जब जापान ने आत्म समर्पण किया, तब वे कहां चले गए, इसका पता अभी तक नहीं लग सका। इससे शक गहरा गया कि बोस जापान के एजेंट के रूप में काम करते थे।

वहीं जस्टिस काटजू ने गांधी के बारे में कहा कि गांधी जी ब्रिटेन के एजेंट थे और उन्होंने राजनीति में धर्म को घुसाकर देश को बहुत नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार, फूट डालो राज करो नीति पर चलती थी और महात्मा गांधी इस नीति को बढ़ावा देते थे। गांधी जी की नीतियों की वजह से मुसलमानों का झुकाव मुस्लिम लीग की ओर बढ़ा था।



# ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## ग्वालियर में 77 करोड़ से निर्मित आईएसबीटी और 112 करोड़ से बने 132 केवी सब स्टेशन सहित फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल कॉम्पलेक्स का भी हुआ लोकार्पण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265.56 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय



नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया है। चंबल के नौजवान हमारी सेना की ताकत बढ़ा रहे हैं।

# पौधरोपण में वैज्ञानिक और टिकाऊ तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षण

### *मनरेगा के तहत इंजीनियर और कृषि सखियों को दिया जा रहा है तकनीकी प्रशिक्षण*

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक बगिया मां के नाम परियोजना, गंगोत्री हरित योजना और नर्मदा परिक्रमा पथ जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन योजनाओं के तहत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश के 2101 इंजीनियर और 626 कृषि सखी को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जल-भूमि प्रबंध संस्थान, भोपाल और क्षेत्रीय ग्रामीण विकास-पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पौधरोपण कार्य वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से किया जाए।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने निर्देश दिए हैं कि नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों में पौधरोपण कर तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने एक बगिया मां के नाम



परियोजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बताया। मनरेगा के अंतर्गत प्रशिक्षण पाने वाले अधिकारियों में 36 कार्यपालन यंत्री आरईएस, 215 सहायक यंत्री, 47 डीपीएम एसआरएलएम और 1803 उप यंत्री शामिल हैं। इन्हें पौधरोपण की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे वे इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें। प्रदेश में पहली बार पौधरोपण कार्य में अत्याधुनिक तकनीक सिपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से संबंधित जिलों की जलवायु, मिट्टी की गुणवत्ता, एग्रो क्लाइमेट ज़ोन, स्थल चयन और पानी की उपलब्धता जैसी जानकारियां जुटाकर पौधों की उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया जाएगा। जहां सॉफ्टवेयर उपयुक्तता नहीं दिखाता, वहां पौधरोपण नहीं किया जाएगा, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# राष्ट्र ध्वज जलाने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध नगर निगम ने एफ.आई.आर. हेतु शाहपुरा थाने में दिया आवेदन

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्र ध्वज जलाने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में नगर निगम, भोपाल के वार्ड क्रमांक 50 के वार्ड प्रभारी ने राष्ट्र ध्वज जलाने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने हेतु शाहपुरा थाने में आवेदन दिया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में नगर निगम, भोपाल के किसी भी कर्मचारी का कोई संबंध नहीं है। उक्त वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त ने उक्त घटना एवं वायरल वीडियो की निगम स्तर पर भी सभी तथ्यों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।शनिवार को सोशल मीडिया एवं कुछ समाचार चैनलों पर राष्ट्र ध्वज कचरे में जलाने का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें निगम के वार्ड क्रमांक 50 ई-8 दानापानी रोड भोपाल स्थित वार्ड कार्यालय के पीछे रोहित नगर में राष्ट्र ध्वज के जलते हुए दृश्य दिखाए गए हैं।




उक्त घटना की सूचना पर निगम के वार्ड प्रभारी ने तत्काल स्थल पर पहुंचकर जलते हुए राष्ट्र ध्वजों को बुझाया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। निगम आयुक्त के निर्देश पर वार्ड प्रभारी ने तत्काल ही शाहपुरा थाना पहुंचकर राष्ट्र ध्वज जलाने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध एफ.आई.आर.दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया। उक्त घटना में नगर निगम के किसी भी कर्मचारी का कोई भी संबंध नहीं है। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने उक्त घटना एवं वायरल वीडियो की निगम स्तर पर भी सभी तथ्यों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल (आरएनएस)। शाहजहांनाबाद इलाके में रहने वाली महिला 25 वर्षीय नोरीन खान पति फैजान खान ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 3:30 बजे की है। मृतका अपने मायके में मेहमानी करने गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक नोरीन गृहिणी थी। पूर्व में वह एक अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट थी। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी, इसके बाद उसने नौकरी छोड दी थी। पति एक बाइक शोरूम में हैड मैकेनिक हैं। नोरीन सप्ताह में दो से तीन बार सुबह से शाम तक साढे तीन साल के बेटे को लेकर मायके में मेहमानी के लिए जाया करती थी। नोरीन की मां को लास्ट स्टेज का कैंसर है।

## अब यात्रा के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों की पहचान हेतु किया जाएगा एम आधार एप का उपयोग



भोपाल (निप्र)। अब रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एम आधार एप (mAadhaar एप्लीकेशन) का उपयोग कर यात्रा के दौरान यात्रियों की पहचान की जाएगी। किसी अन्य यात्री के टिकट पर या जाली आधार कार्ड का उपयोग कर अनाधिकृत रूप से ट्रेनों में यात्रा करने जैसे मामलों की रोकथाम हेतु आवश्यक है कि पहचान पत्रों की जांच की प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा विकसित mAadhaar एप्लीकेशन इस दिशा में एक प्रभावी उपकरण है। उक्त एप्लीकेशन QR कोड आधारित पहचान सत्यापन की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आधार कार्ड की वास्तविकता को त्वरित एवं विश्वसनीय रूप से सत्यापित किया जा सकता है। mAadhaar एप्लीकेशन को शीघ्र ही HHT डिवाइस पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे आरक्षित टिकटो एवं पहचान पत्रों के दुरुपयोग को रोकने तथा यात्रियों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित की जा सके।

# तेज रफ्तार टैंकर ने कार को टक्कर मारी, थाना प्रभारी घायल

भोपाल (आरएनएस)। करोंद चौराहा और ट्रूबा कॉलेज के बीच बिलखिरिया थाने के थाना प्रभारी उमेश चौहान की कार को पेट्रोल से भरे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टीआई की कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर खंबे से टकराकर रुक गई।एक्सीडेंट के बाद आरोपी टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। निशातपुरा पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर थाने में खडा लिया है। फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है। एएसआई रतिराम गौतम घायल थाना प्रभारी के बयान दर्ज करने पीपुल्स अस्पताल पहुंचे हैं।एएसआई रतिराम गौतम के मुताबिक थाना प्रभारी उमेश चौहान संजीव नगर में रहते हैं। हर रोज की तरह अपनी पर्सनल कार से बिलखिरिया थाने जाने के लिए घर से निकले थे। न्यू जेल रोड से करोंद की तरफ जाते समय ट्रूबा कॉलेज के पास उनकी कार को पीछे से एक टैंकर ने जोरदार टक्कर मारी।इससे कार बेकाबू होने के बाद पहले डिवाइडर से टकराई फिर खंबे में टकराने के बाद रुक गई। इससे कार में सवार थाना प्रभारी को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई हैं। उन्हें इलाज के लिए पीपुल्स अस्पताल में भर्ती कराया है।पुलिस ने पेट्रोल से भरे टैंकर को जब्त कर लिया है। जिसे थाने में खडा किया गया है। टैंकर मालिक से आरोपी चालक के संबंध में पूछताछ की जाएगी। जिसके बाद उसकी पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



भोपाल(आरएनएस)। मिसरोद इलाके में रहने वाली युवती के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर साढे तीन साल तक रेप किया। दोनों एक साथ लिव इन में रहते थे। जब लडकी ने शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी ने उससे ब्रेकअप कर लिया। उसके साथ रहने से इनकार करते हुए पीडिता को दूसरी समाज का बताया। इसी कारण शादी न करने की बात कही। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसआई श्वेता शर्मा ने बताया कि मूलत: बैतूल निवासी 22 वर्षीय युवती भोपाल में प्राइवेट नौकरी करती है। वह इन दिनों मिसरोद थाना क्षेत्र में रह रही है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि करीब पांच साल पहले उसके एक दोस्त के माध्यम से उसकी जान-पहचान दानिश नगर निवासी सूरज इनवाती से हुई थी। जल्द ही दोनों की जान-पहचान दोस्ती और फिर प्रेम प्रसंग में बदल गई। इसी बीच सूरज नवंबर 2021 में युवती को अपने परिवार से मिलाने के लिए घर लेकर पहुंचा।अपने घर पर उसने शादी का वादा कर युवती के साथ बलात्कार किया। कुछ समय बाद दोनों लिवइन में साथ रहने लगे और आरोपी उसका शारीरिक शोषण करने लगा। वह पिछले साढ़े तीन सालों से उसके साथ ज्यादती करता आ रहा था।बीती 27 जून को भी आरोपी ने आखरी बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी सूरज अपने वादे से मुकर गया। आरोपी ने युवती से कहा कि वह अपनी मां की मर्जी से अपने ही समाज की लड़की से शादी करेगी। आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए कहा कि जब तक मेरी शादी नहीं हो जाती तुम्हे मेरे साथ लिव इन में रहना है तो रह सकती हो। तंग आकर पीडिता ने शनिवार को थाने पहुंच कर शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने रेप का केस दर्ज कर आरोपी सूरज इनवाती को गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर क्राइम ब्रांच ने डिजिटल ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

भोपाल (आरएनएस)। खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट करने के बाद महिला से पांच लाख रुपए ऐंठने वाले गिरोह के एक-एक सदस्य को पीथमपुर से गिरफ्तार किया है। बैंक खातों की जानकारी लेते-लेते पुलिस इस आरोपी तक पहुंची थी। आरोपी के खाते में कुछ पैसे गए थे। साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बताया कि सत्यम शिवम परिसर कोलार में रहने वाली अनु वर्मा ने शिकायत करते हुए बताया था कि उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। उसने पहला फोन वॉट्सऐप कॉल के जरिए किया।इस बातचीत में खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए वीडियो कॉल के जरिए अनु वर्मा को बताया कि आपका मोबाइल नंबर अवैध है। उसका इस्तेमाल अवैध कामों में हुआ है। उसने धमकी दी थी कि आपके नंबर को सीज कर दिया जाएगा। आपको गिरफ्तार भी किया जाएगा। जालसाज व्यक्ति की धमकी से अनु वर्मा डर गईं। उनके इसी डर का फायदा उठाते हुए 5 लाख रुपए ऐंठ लिए गए।ठगों ने महिला को एक फर्जी एफआईआर नंबर भी भेजा था। साथ ही नेशनल सीक्रेट केस बताकर किसी अन्य को बताने से मना किया गया। महिला को लगभग 12 घंटों तक अकेले ही वॉट्सऐप वीडियो काल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। धमकी दी गई कि किसी अन्य व्यक्ति को इसके बारे में बताया तो स्थानीय थाने के माध्यम से अरेस्ट करके पुलिस कस्टडी में ले लिया जाएगा। जिसके बाद आरोपियों द्वारा फरियादी के बैंक खाते में रखें रुपयों को अवैध रकम होना बताकर वेरिफाई करने के लिए भेजने को कहा गया। इसके बाद फरियादी ने बैंक जाकर आरटीजीएस के माध्यम से 5 लाख रुपए आरोपियों बैंक खाते में भेज दिए गए। संपूर्ण घटना में आरोपियों द्वारा फरियादी को वॉट्सऐप वीडियो काल पर रखा गया।

# रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर दौड़ाई कार और स्कूटी



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक युवक कार लेकर सीधे प्लेटफॉर्म नंबर 6 में घुस गया। वह ट्रैक के किनारे तक कार दौडाता रहा। वहीं एक दूसरा युवक प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर तेज रफ्तार में स्कूटी चलाते देखा गया। मामला शनिवार अलसुबह का है। वहां मौजूद यात्रियों ने युवकों का वीडियो बना लिया। इससे रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर मामला आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) तक पहुंचा। आरपीएफ भोपाल पोस्ट प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया, हमें दो वीडियो मिले हैं। दोनों की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, जांच के बाद कुछ कहा जा सकेगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक तेज गति से प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर आया और ट्रैक किनारे काफी आगे तक कार लेकर चला गया। शुक्र रहा कि उस समय वहां कोई ट्रेन नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, प्लेटफॉर्म-4 पर स्कूटर दौड़ाते हुए दिखा दूसरा युवक भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था।जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर पार्सल कार्यालय के सामने से वाहन अंदर दाखिल हो सकते हैं। यही रास्ता स्टेशन की सुरक्षा में सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। इसी मार्ग से कोई भी व्यक्ति बिना रोकटोक के प्लेटफॉर्म नंबर 6, 5 और 4 तक सीधे वाहन लेकर पहुंच सकता है। इस गेट पर ना तो कोई बैरिकेड है, न ही स्थायी सुरक्षा जांच की व्यवस्था।

# निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सडकों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोडने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए अवैध शेड व फर्शियां, जालियां, भुट्टे, सब्जी आदि की दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान, आवागमन को बाधित करने वाले चार पहिया वाहन, आईसक्रीम की गाडी, गुमठी, ठेले आदि अतिक्रमणों को हटाया और लोहे के काउंटर, पान पार्लर, ठेले, बैंच, जाली स्टैण्ड, छाते, कैरेड,



पन्नी, टेबिल आदि सहित अन्य प्रकार का सामान किया जप्त।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को कोकता बायपास, करोद मंडी, मॉडल ग्राउंड, स्टेट बैंक चौराहा, कमलापार्क, लेडी हास्पिटल, लिली टॉकीज, मिसरोद, कोलार रोड, फाईन एवेन्यू, डीमार्ट, जवाहर चौक, रविन्द्र भवन, लिंक रोड नं. 01, 02, 03, भारतमाता चौराहा, भदभदा पुल, न्यू मार्केट, बोट क्लब, माता मंदिर, रिवेरा टाउन आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए करोद मंडी क्षेत्र में 10 मकानों के सामने नाली पर रखी फर्शियां एवं लकडी की चौखट हटाई साथ ही मॉडल ग्राउण्ड से भी नाली पर अवैध रूप से रखी फर्शियां हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने भारतमाता चौराहा से भदभदा पुल तक अवैध रूप से खडे भुट्टे के ठेले आदि को हटाया साथ ही अन्य क्षेत्रों में सडकों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वाले एवं आवागमन में बाधक ठेले, जालियां, सब्जी, फल-फ्रूट्स आदि के ठेले, आईसक्रीम की गाडी, चार पहिया वाहन आदि हटवाये।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रथम पुरस्कार शहर की जनता जनार्दन के सार्थक प्रयासों का परिणाम-महापौर

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में नगर निगम भोपाल को जो प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है वह शहर की जनता द्वारा अपने शहर की जल संरचनाओं के संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने तथा जल संरचनाओं की साफ-सफाई हेतु किये गये सार्थक प्रयासों का परिणाम है। महापौर राय ने यह विचार जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर शहर के विभिन्न रहवासी संघों के पदाधिकारियों द्वारा किये गये स्वागत कार्यक्रम में व्यक्त किये। महापौर राय ने रहवासी संघों के साथ ही सभी शहरवासियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती सहित विभिन्न रहवासी संघों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से वाहन लाकर यात्री उतारने के प्रकरण में रेल सुरक्षा बल भोपाल की त्वरित कार्रवाई - दोनों आरोपी गिरफ्तार

### रेलवे स्टेशन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर कसा शिकंजा, कुछ घंटों में दोनों वाहनों सहित आरोपी धर दबोचे

भोपाल (निप्र)। रेल सुरक्षा बल, भोपाल ने प्लेटफॉर्म पर अवैध रूप से वाहन लाकर सहयात्री को उतारने की घटना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को उनके वाहनों सहित गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव के कुशल नेतृत्व और पर्यवेक्षण में की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि आज दिनांक 05 जुलाई 2025 को भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 06 पर एक चार पहिया वाहन द्वारा सहयात्री को उतारने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर और रेल मदद पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुआ। वायरल वीडियो और शिकायत की गंभीरता को देखते हुए रेल सुरक्षा बल ने त्वरित जांच प्रारंभ की। स्टेशन और पार्किंग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच में पाया गया कि चार पहिया वाहन (क्रमांक एमपी 04 सीसी 1317) का चालक प्लेटफॉर्म 06 पर वाहन लाकर यात्री को उतार रहा था। उक्त मामले में रेल अधिनियम



की धारा 154 एवं 147 के तहत अपराध दिनांक 05.07.2025 को दर्ज किया गया। तत्पश्चात वाहन मालिक का पता लगाकर आरोपी रवि कुमार वाधवानी (पुत्र हेमंत दास वाधवानी, निवासी- भोपाल) को गिरफ्तार कर लिया गया तथा वाहन को जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म क्रमांक 04/05 पर एक दो पहिया वाहन (स्कूटी एक्टिवा क्रमांक एमपी 04 एसएन 8046) द्वारा यात्री उतारने का भी मामला सामने आया। इस प्रकरण में आरोपी मोहम्मद आदिल (पुत्र वकील अहमद, निवासी-भोपाल) के विरुद्ध अपराध धारा 154 एवं 147 रेल अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर दो पहिया वाहन को भी जब्त कर लिया गया। रेल सुरक्षा बल की इस त्वरित कार्रवाई से यह सिद्ध हुआ कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशन परिसरों की मर्यादा के प्रति सजग और प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे की सतर्कता और निगरानी लगातार जारी रहेगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डिंडोरी में दूसरे दिन भी मूसलाधार बारिश से जनजीवन बेहाल, नर्मदा समेत कई नदियां उफान पर

डिंडौरी (ए.)। डिंडोरी जिले में लगातार दूसरे दिन हो रही भारी बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार मूसलाधार बारिश के कारण जिले की प्रमुख नदियां और नाले उफान पर हैं। नर्मदा, खरमेर, करंजिया और अन्य सहायक नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बनते जा रहे हैं।

जिला मुख्यालय समेत कई विकासखंडों में जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बारिश के चलते खेत, गलियां और सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। डिंडोरी-अमरपुर, मेहंदवानी-कटंगी, शाहपुर-गाड़ासरई और बजाग-कटंगी मार्गों पर स्थित पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे इन मार्गों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और जरूरी कार्यों के लिए आवाजाही करना बेहद मुश्किल हो गया है।

खरमेर नदी के किनारे बसे कई गांवों में बाढ़ का पानी घरों में घुस चुका है। कच्चे मकानों में रह रहे लोगों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई है। जिला प्रशासन ने कुछ इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। कई गांवों में फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार अलर्ट मोड पर हैं। जिला कलेक्टर ने सभी तहसीलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। SDRF और राजस्व अमला संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। डिंडोरी जिला अस्पताल और अन्य सरकारी कार्यालयों में भी बारिश का पानी भर गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। बारिश से बिजली आपूर्ति भी कई जगहों पर प्रभावित हुई है, वहीं दूर-दराज के गांवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं भी बाधित हो गई हैं। प्रशासन ने राहत शिविरों की तैयारी शुरू कर दी है और जरूरतमंदों को राशन, पेयजल और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। जिलेवासियों से अपील है कि वे सतर्क रहें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।







## खुद को CBI अधिकारी बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार, फूड इंस्पेक्टर बनवाने का झांसा देकर हड़पे 9 लाख

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर में पुलिस ने एक पीड़ित युवक की मदद से एक ऐसे शख्स को दबोच लिया अपने को फर्जी सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को ठगने का काम कर्ता था। वह लोगों को झांसे में लेने के लिए बताता था कि वह सीबीआई में ऑफिसर है और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर गृह मंत्रालय में पदस्थ है। इसकी कार पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नेम प्लेट भी लगी थी। आरोपी मंत्रालय में बड़े-बड़े काम करवाने के नाम पर लोगों से ठगी करता था।

बताया गया कि कुछ समय पहले ही इस फर्जी अफसर ने ग्वालियर निवासी एक युवक को फूड इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 9 लाख रुपये ठग लिए थे। उसे भरोसा दिलाने के लिए उसे भोपाल ले जाकर एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था। युवक को न नौकरी मिली और न ही उसके रुपये वापस मिले। शहर के एक मॉल में आरोपी को ठगी के शिकार युवक ने पकड़ा और पुलिस को सूचना दी।

## शादी का झांसा देकर सात साल तक किया दुष्कर्म, युवती ने दिया बच्चे को जन्म, आरोपी गिरफ्तार



दमोह (ए.)। दमोह जिले के एक थाना क्षेत्र में सात साल से दुष्कर्म का शिकार हो रही एक युवती ने बच्चे को जन्म दिया। आरोपी बाहर भागने की फिराक में था, तभी युवती की शिकायत पर पटेरा थाना पुलिस ने उसे देहात थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

पटेरा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक युवती से कुम्हारी थाना क्षेत्र के देवरी रतन गांव निवासी चरन पिता यशवंत सिंह चौहान 45 ने शादी की बात कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साल 2018 में उसने शादी की बात कही और तब से लगातार वह युवती का शारीरिक शोषण करता था। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई और उसने आरोपी से शादी के लिए कहा तो वह इंकार करने लगा। इसी दौरान युवती ने एक बालक को जन्म दिया और आरोपी के खिलाफ पटेरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 69, 115(2), 351(3)बीएनएस का मामला दर्ज किया है। आरोपी चरन सिंह चौहान फरार चल रहा था।

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। शुक्रवार को पता चला आरोपी देहात थाना क्षेत्र के इमलाई सीमेन्ट्र फैक्ट्री के पास छिपा है और बाहर भागने की

की फिराक में है। पटेरा पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की गिरफ्तारी में साइबर सेल टीम का सहयोग रहा, क्योंकि आरोपों बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था।

## अगर आप बाबा महाकाल के दरबार में कावड़ यात्रा लेकर आ रहे हैं, तो जान लीजिए कैसे चढ़ेगा जल




उज्जैन (ए.)। श्रावण मास के अंतर्गत अगर आप कावड़ लेकर बाबा महाकाल को जल अर्पित करने जा रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में कावड़ यात्रियों के लिए एक विशेष व्यवस्था की जा रही है जिसके तहत अब कावड़ यात्रियों को नई व्यवस्था के तहत जल अर्पित करवाया जाएगा।

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि इस बार कावड़ यात्रियों के लिए दो अलग-अलग तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं, जो कावड़ यात्री परमिशन लेकर महाकाल मंदिर में भगवान को जल चढ़ाना चाहते हैं उन्हें चार नंबर द्वार से प्रवेश दिया जाएगा। जो कि सीधे सभा मंडप में होते हुए वह बाबा महाकाल को जल अर्पित कर सकेंगे, लेकिन अगर आप कावड़ यात्रा लेकर उज्जैन बाबा महाकाल के दरबार में आ रहे हैं और आपने परमिशन नहीं ली है तो आपको सामान्य दर्शनार्थियों की तरह एक किलोमीटर दूर से प्रवेश मिलेगा। यानी त्रिवेणी संग्रहालय के पास से आना होगा। नंदी द्वार से मानसरोवर और फिर महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन हो सकेंगे।

हालांकि इस व्यवस्था से कावड़ यात्री कितना खुश होंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन पूर्व में जब भी कावड़ यात्री मंदिर में प्रवेश करते हैं तो उन्हें अलग से एक द्वार बनाकर प्रवेश दिया जाता है ताकि कई किलोमीटर दूर से चलकर आने वाले कावड़ यात्री बाबा महाकाल के दर्शन आसानी से कर सकें और आसानी से वे बाबा महाकाल को जल अर्पित कर सकें।

## स्मार्ट सिटी के काम में भ्रष्टाचार! भाजपा नेता निकाल रहे आरोपियों की कुंडली



इंदौर (ए.)। स्मार्ट सिटी योजना के तहत इंदौर के नेहरू पार्क में कराए गए कार्यों पर गंभीर आरोप लगे हैं। नगर निगम के उद्यान विभाग प्रभारी राजेंद्र राठौर ने खुलासा किया है कि पार्क की हरियाली को उजाड़कर घटिया निर्माण किया गया है, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। राठौर ने बताया कि इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), लोकायुक्त और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (EOW) में की जा चुकी है। पार्क में आठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कार्य किया गया, लेकिन फव्वारे चालू होने से पहले ही खराब हो गए, पाइपलाइन जंग खा चुकी है और मूर्तियां टूट गई हैं।

## घोर लापरवाही : खाना खाते-खाते बच्ची को थाली में दिखी मरी छिपकली, मिड-डे मील खाकर कई बच्चों की बिगड़ी तबीयत

शहडोल (ए.)। ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में एक बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां मिड-डे मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का कहना है कि उनके बच्ची की थाली में छिपकली मिली थी।

ब्यौहारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चरका में उस समय हड़कंप मच गया, जब मिड-डे मील खा रही एक बच्ची के थाली में मरी हुई छिपकली दिखाई दी। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शुरुआत में जिन बच्चों ने मध्यान भोजन को खाया उनकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ ने तो वहीं उल्टियां शुरू कर दीं और कुछ बच्चे घर पहुंचने के बाद बीमार पड़े। इसमें तीन का इलाज सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी में जारी है।

शुक्रवार को मध्यान भोजन में यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसमें तीन बच्चों का इलाज ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती कर किया जा रहा है। ब्लॉक मेडिकलऑफिसर निशांत सिंह परिहार ने कहा तीनों बच्चों



की उम्र 12 और 13 वर्ष के बीच है। जब इन बच्चों को अस्पताल लाया गया था तो उनकी हालत गंभीर थी। बच्चे उल्टियां कर रहे थे, उन्हें भर्ती कर उपचार किया गया। अब इनकी हालत बेहतर है। ऑब्जरवेशन के लिए उन्हें अस्पताल में अभी भर्ती रखा गया है। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों के परिजनों का कहना था कि स्कूल में मध्यान भोजन में छिपकली गिर गई थी और खाना खाने के बाद ही इनकी तबीयत बिगड़ी है। बीएमओ के अनुसार पूनम साहू पिता हनुमानदीन, नेहा सेन पिता महेश सेन, आशियाना साहू पिता राम जी साहू का अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

### पिता ने रो-रो कर बताई घटना

नेहा सेन के पिता महेश सेन जब अपनी बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे तो उनकी बच्ची की हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टर ने तत्काल नेहा को भर्ती करउपचार किया। नेहा के पिता ने बयान दिया कि नेहा ने ठीक होने के बाद बताया कि स्कूल में मध्यान भोजन में छिपकली गिर गई थी और उसकी थाली में वह मिली थी। वहीं, गांव के सरपंच बनवारी सिंह ने कहा कि वह स्वयं सहायता समूह द्वारा लापरवाही बरती गई है, जो गंभीर है, बड़ी घटना हो सकती थी, हम इस मामले पर पंचायत में एक बैठक करेंगे।

# व्यापार समाचार



## दूसरी छमाही में सोने की कीमतें बढ़ने की संभावना, फिर एक लाख रुपये तक पहुंच सकता है आंकड़ा

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू सोने का भाव साल 2025 की दूसरी छमाही में एक लाख तक बढ़ने की संभावना है। आईसीआईसीआई बैंक ग्लोबल मार्केट्स की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वैश्विक हालातों के विपरीत, जून में घरेलू सोने की कीमतों में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह रुपये में 0.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट के कारण हुई।

### सोने के आयत में गिरावट आई

मात्रा के लिहाज से, सोने के आयात में क्रमिक आधार पर गिरावट आई है। यह दर्शाता है कि ऊंची कीमतों के जवाब में मांग कमजोर हो रही है। मई में 2.5 अरब डॉलर के सोने का आयात दर्ज किया गया, जबकि पिछले महीने यह 3.1 अरब डॉलर था। मई में निवेश की मांग मजबूत रही।

### मई में ईटीएफ में 2.92 अरब रुपये का शुद्ध निवेश हुआ

एएमएफआई के आंकड़ों से पता चला है कि लगातार दो महीनों की निकासी के बाद मई में एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 2.92 अरब रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। यह स्थानीय बाजारों में पीली धातु की मजबूत निवेश-संबंधी मांग को दर्शाता है। वैश्विक मोर्चे पर, सोने की कीमतों में क्रमिक गिरावट के बावजूद पीली धातु के लिए निवेश मांग मजबूत बनी रही, जो ईटीएफ प्रवाह से भी स्पष्ट है। सोने में एसपीडीआर ईटीएफ प्रवाह 1 जून 2025 तक 930 टन से बढ़कर 1 जुलाई 2025 तक 948 टन हो गया।

हाल के महीनों में, सोने की कीमतों में तेजी रुक गई है, क्योंकि पिछले महीने कीमतें स्थिर रहीं, जो सुरक्षित निवेश की मांग में आई कमी को दर्शाता है। हालांकि, 2025 में ईयर-टू-डेट आधार पर कीमतें 28 प्रतिशत अधिक रहीं।

### युद्ध विराम और व्यापार समझौते ने सोने की मांग को सीमित किया


रिपोर्ट में कहा गया कि इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध विराम ने जोखिम की भावना में सुधार किया। इससे पीली धातु की मांग और कम हो गई। साथ ही, बाजार अमेरिका और अन्य देशों के साथ व्यापार सौदों पर सहमत होने की स्थिति में हैं। यह टैरिफ लागू करने की जरूरत को सीमित करेगा।

## कंपनियों के अंदर के लोग-मालिकों ने बाजार में तेजी का फायदा उठाया, एक माह में बेचे 95000 करोड़ के शेयर

नई दिल्ली (ए.)। रिपोर्ट के अनुसार, विशाल मेगा मार्ट के मालिक समायत सर्विसेज ने 10,220 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बजाज फिनसर्व में 3,504 करोड़ रुपये और 2,002 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। सिर्फ कंपनियों के मालिक ही नहीं, बल्कि बड़े निवेशक भी शेयर बेच रहे हैं।

शेयर बाजार की हालिया तेजी का कंपनियों के अंदर के लोग और मालिकों ने जबरदस्त फायदा उठाया है। पिछले एक महीने में इनसाइडर्स और मालिकों ने 95,000 करोड़ रुपये के अपने शेयर बेच दिए हैं।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट के अनुसार, मई और जून में भारतीय बाजार में यह बिकवाली कई बड़ी कंपनियों में देखी गई है। इनमें भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान जिंक, एशियन पेंट्स और इंडिगो जैसे शेयर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विशाल मेगा मार्ट



के मालिक समायत सर्विसेज ने 10,220 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बजाज फिनसर्व में 3,504 करोड़ रुपये और 2,002 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए।

### बड़े निवेशक भी बेच रहे शेयर

सिर्फ कंपनियों के मालिक ही नहीं, बल्कि बड़े निवेशक भी शेयर बेच रहे हैं। बीएटी ने आईटीसी में 1.5 अरब डॉलर की हिस्सेदारी बेच दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स में अपनी 1.1 अरब डॉलर की हिस्सेदारी बेच दी। विश्लेषकों का कहना है कि यह एक बड़ा बदलाव है। इसका असर यह हुआ कि बीएसई-200 इंडेक्स में प्राइवेट प्रमोटर होल्डिंग मार्च 2021 में 43% थी, जो मार्च 2025 तिमाही में घटकर 37 प्रतिशत हो गई है। इसका मतलब है कि कंपनियों के मालिक धीरे-धीरे अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं। दूसरी ओर, घरेलू निवेशकों ने खूब खरीदारी की है।



## भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों में बेच कर फंसी इटली की प्राडा ब्रांड

### बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर, माफी मांगने व मुआवजा देने की मांग

नई दिल्ली,(ए.)। भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों रुपए में बेच कर मुनाफा कमा रही इटली की फैशन लक्जरी ब्रांड फंस गई है। कोल्हापुरी चप्पलों के अनधिकृत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए प्राडा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में प्राडा पर भारतीय कारीगरों के डिजाइन की नकल करने का आरोप लगाया है और प्राडा से कारीगरों को मुआवजा देने के आदेश की मांग की गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला तब सुर्खियों में आया जब प्राडा ने हाल ही में अपने एक फैशन शो में अंगूठे वाली चप्पलों का कलेक्शन पेश किया। ऐसे एक जोड़ी चप्पल के लिए कंपनी ने एक लाख से सवा लाख रुपए तक कीमत वसूली। याचिका में कहा गया है कि प्राडा द्वारा प्रदर्शित चप्पलों का डिजाइन हूबहू कोल्हापुरी चप्पल से मिलता है। यह याचिका प्राडा समूह और महाराष्ट्र सरकार के कई अधिकारियों के खिलाफ दायर की गई है।

## सब्जी-दालों की कीमतें बढ़ने के बावजूद 2.6 फीसदी रहेगी खुदरा महंगाई, लगातार 5वें माह RBI के दायरे में

नई दिल्ली (ए.)। सब्जियों और कुछ दालों की कीमतों में तेजी के बावजूद जून की खुदरा महंगाई 2.6 फीसदी रह सकती है। यह लगातार पांचवां महीना होगा, जब महंगाई दर आरबीआई के तय दायरे चार फीसदी के अंदर रहेगी। मई में यह घटकर 2.82 फीसदी रह गई थी जो छह वर्षों में सबसे कम थी।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, जून में जरूरी वस्तुओं के दाम घटे हैं, जिसका असर आंकड़ों पर दिखेगा। बेहतर उत्पादन से सब्जियों और दालों की कीमतों में तेजी आई है। हालांकि, टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में मासिक आधार पर सामान्य मौसमी वृद्धि देखी जा रही है। सालाना आधार पर इनके दाम घटे हैं। जून और जुलाई में इन वस्तुओं की कीमतों में उलटफेर की सामान्य मौसमी प्रवृत्ति से टमाटर, प्याज और आलू पर बारीकी से नजर रखने की आवश्यकता है, क्योंकि पहली कटाई अवधि समाप्त होने वाली है। हालांकि, मुद्रास्फीति के लिए दृष्टिकोण आरामदायक बना है। जुलाई, 2025 में भी महंगाई दर कम रह सकती है।

सालाना आधार पर कुल प्रमुख 20 कमोडिटी में से 11 की कीमतों में जून में गिरावट दिखी है। इसमें प्याज और आलू के खुदरा भाव जून में 26.1 और 20.3 फीसदी घटे हैं। टमाटर के भाव सालाना आधार पर सस्ता होने के बावजूद मासिक आधार पर जून में 36.1 फीसदी बढ़े हैं।?

### अरहर दाल के दाम सबसे ज्यादा घटे

दालों में भी गिरावट देखी जा रही है। सबसे अधिक गिरावट अरहर में आई है। जून में इसके भाव 23.8 फीसदी घटे हैं, जो मई में 18.9 फीसदी घटे थे। लगातार चौथे महीने दोहरे अंकों की गिरावट आई है। अन्य दालों में उड़द 8.5त्न,



मसूर 6.7% और मूंग 6.6% फीसदी सस्ती हुई है।

### अनाज की खुदरा कीमतों में भी गिरावट

अनाज की खुदरा कीमत में भी नरमी देखी गई है। जून में चावल की कीमत में 5.1त्न घटी हैं। गुड़ और नमक पैक जैसी विविध वस्तुओं के लिए कीमतें काफी हद तक नियंत्रित रहीं। खाद्य तेलों की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। आलू के लिए भी पिछले दो महीनों में कीमतें धीरे-धीरे बढ़ रही हैं। प्याज की कीमतें अभी भी सीमित हैं, जिसमें -0.4% की गिरावट आई है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## पाकिस्तान की चाल फिर विफल

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर बेनकाब करते हुए भारत पर ही आरोप मढ़ने की उसकी चाल को विफल कर डाला।आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख पर कायम रहते हुए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने और सीमा पार से होने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति भारत कीचिंताओं को अनदेखा करने पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को वक्तव्य में शामिल करने की मांग की, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर टिप्पणी डलवाने पर जोर दिया, जो साफ-साफ भारत पर आरोप मढ़ने का प्रयास था। पाकिस्तान की इस हरकत के कारण सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य के बिना ही समाप्त हो गया। वक्तव्य के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र ही नहीं था और न ही सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दर्शाया गया था। ये सारी चालें सम्मेलन के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भारत के रुख को कमजोर करने के लिए चली जा रही थी, मामले को भांपते ही रक्षामंत्री ने पाक के धुर्रे उड़ा दिए।

राजनाथ ने आतंकवाद का प्रायोजक ठहराते हुए जवाबदेह ठहराने की अपील की। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड रखने वालों के खिलाफ एससीओ को भी भारत जैसी कड़ी नीति अपनानी चाहिए। अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का वक्त आ गया है।आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण और निहित उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे। ऑपरेशन सिंदूर इसकी शुरुआत थी जिसके तहत भारत ने आतंकवाद से बचाव तथा सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। आपरेशन से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति उसकी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रदर्शित हुई है। भारत के इन प्रयासों को एससीओ के सदस्य देशों से निसंकोच भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना ही चाहिए। दुनिया के इस भूभाग में इसी से शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा संगठन का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।

**सरोकार-**

# 38 प्रतिशत आंगनवाड़ियों में बच्चे गंभीर कुपोषण के शिकार



**डॉ. चन्दर सोनाने**


मध्यप्रदेश में कुल 97,000 से अधिक आंगनवाड़ियां हैं। इन आंगनवाड़ियों में से 38 प्रतिशत आंगनवाड़ियों में बच्चे गंभीर कुपोषण से पीड़ित हैं। मजेदार बात यह है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में कुपोषण से लड़ने के लिए 4,895 करोड़ का बजट रखा गया है। इसके बावजूद प्रदेश में गंभीर कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या देखते हुए यह स्पष्ट दिखता है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में कुप्रबंध है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रैकर एप के विश्लेषण में उक्त चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। प्रदेश में कुपोषण राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा है। गंभीर और मध्यम कुपोषण के मामले जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर अप्रैल 2025 में 5.40 प्रतिशत थे, वहीं मध्यप्रदेश में यह 7.79 प्रतिशत था। प्रदेश में अप्रैल 2024 में यह 2025 की तुलना में कम 6.87 प्रतिशत था। 2024 की तुलना में 2025 में यह प्रतिशत घटने की बजाय बढ़ गया। 6 साल से कम उम्र के 27 प्रतिशत लड़कों में दुबलापन पाया गया है। इसी आयु वर्ग में 32 प्रतिशत लड़कियों का वजन उम्र के मुताबिक कम पाया गया।

मध्यप्रदेश में कुपोषण से लड़ने के लिए हजारों करोड़ों रूपए का प्रावधान बजट में रखने के बावजूद अभी भी अधिकतर जिलों में पोषण की हालत सुधरी नहीं है। मई माह में प्रदेश के 55 जिलों में से 45 जिलों के बच्चे कम वजन के मामले में रेड जोन में हैं। अर्थात 20 प्रतिशत से अधिक बच्चों का वजन उम्र के अनुसार कम पाया गया है। यही नहीं 22 जिलों में बच्चों में ठिगनापन भी देखा गया है। अर्थात बच्चों की ऊँचाई उसकी उम्र के मुताबिक कम पाई गई है।

प्रदेश के अधिकतर जिलों में 6 साल तक की उम्र के बच्चे गंभीर और मध्यम कुपोषण से जुझ रहे हैं। बड़े जिलों में भी गंभीर कुपोषण वाले बच्चे पाये गए हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में 27 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण वाले देखे गए। इन्दौर जिले में 45 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण वाले हैं। उज्जैन में 46 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषित पाए गए हैं। ग्वालियर और चंबल में लगभग 35 प्रतिशत गंभीर कुपोषण वाले बच्चे रजिस्टर्ड हैं।प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया ने विधानसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया था कि मध्य प्रदेश की आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित 62.88 लाख बच्चों में से 5.41 लाख कम वजन के हैं। इनमें सबसे ज्यादा धार जिले में है। धार जिले में सबसे ज्यादा 35,950 कम वजन वाले बच्चे पंजीकृत हैं। इसके बाद खरगोन में 24,596 और बड़वानी में 21,940 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल जिले में 12,199 कम वजन वाले बच्चे हैं। इंदौर में 11,437 बच्चे कम वजन के हैं। उक्त आंकड़ों के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में ऐसे बच्चों की संख्या 12,039 है, जबकि निवाड़ी में सबसे कम 1,438 बच्चे हैं। प्रदेश में 97 हजार से आंगनवाड़ियाँ हैं। इन आंगनवाड़ियों में गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और 6 साल तक के बच्चे दर्ज किए जाते हैं। इन बच्चों को पौष्टिक आहार प्रतिदिन मिलता रहे इसके लिए महिला बाल विकास के द्वारा इन आंगनवाड़ियों में पोषण आहार दिया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण ईकाई आंगनवाड़ी होती है। आंगनवाड़ियों की देखरेख के लिए पर एक पर्यवेक्षक की तैनाती की जाती है। एक परियोजना में करीब एक सौ आंगनवाड़ियां होती है। परियोजना अधिकारी इस परियोजना का मुख्य कर्ताधर्ता रहता है। जिले की समस्त परियोजनाओं पर एक जिला स्तर का अधिकारी होता है।आंगनवाड़ियों में कुपोषित बच्चे पाए जाने पर उन्हें विशेष पोषण आहार दिया जाता है। इससे बच्चे कुपोषण से बाहर निकलने के लिए अपने आप को तैयार करते हैं। कुछ वर्ष पहले महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ियों को गोद में लेने की योजना शुरू की गई थी। इस योजना में कोई भी सामाजिक, स्वयंसेवी संस्था आंगनवाड़ियों को गोद ले सकती है। एक आंगनवाड़ी के गंभीर कुपोषित बच्चों को कोई व्यक्ति भी गोद ले सकता है। एक व्यक्ति एक से अधिक कुपोषित बच्चों को गोद ले सकता है। गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने के लिए गोद लेने वाले व्यक्ति और संस्थाओं को एक बच्चे के लिए एक माह की खाद्य सामग्री की सूची और मात्रा दी जाती थी।

वह व्यक्ति और संस्था प्रतिमाह खाद्य सामग्री आंगनवाड़ियों को देता था। इससे बच्चे तेजी से कुपोषण से बाहर निकलने लगते थे। अभी भी कुपोषित बच्चों को गोद लेने की आंगनवाड़ियों में यह व्यवस्था है। यह योजना अब केवल कागज पर है। किन्तु उसमें कोई भी रूचि नहीं लेता है। न तो आंगनवाड़ियों कार्यकर्ता इसमें रूचि लेती है, न पर्यवेक्षक और न ही परियोजना अधिकारी इसमें रूचि लेता है। इसी कारण से यह अत्यन्त उपयोगी योजना सुप्त अवस्था में चली गई है। इसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आंगनवाड़ियों में गंभीर कुपोषित पाए गए बच्चों की हर स्तर पर सतत समीक्षा करने की भी सख्त आवश्यकता है। समाज के सक्रिय सहयोग से और विभाग के हर स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से ही बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला जा सकता है। किसी भी सरकार का दायित्व होता है कि वे अपने राज्य में कुपोषण को समाप्त करें। विशेषकर बच्चों में गंभीर कुपोषण पाया जाना दुखद होता है। इससे वे असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं। इसके लिए जरूरी है कि राज्य सरकार बच्चों में पाए जाने वाले कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें।



*सेना के जवानों ने मंडी जिले के बगस्याड़ और थुनाग के बीच बंद सड़क पार करने में लोगों की मदद की.*

## सुखी जीवन की राह

*एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नही मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नही बन पा रहा हूं।राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगो की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।*

# परिवर्तन को समर्थ बनानाः महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

**-सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए**

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँचसे होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @ 2047के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वनरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चितकरने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी कोव्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैं: सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है।

जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है-ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय नेदेखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए -पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता औरअमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथाआशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वालेउपकरण के रूप में देखता हूँ। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्या वस्थाव देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभवबनाते हुए इन केंद्रों कोस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पोदन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेलटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों कीनए सिरे से परिकल्पना कर,शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वापूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको किसी विशेष व्यक्ति से धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज महिलाओं को खुद के लिए समय मिलेगा, जिससे वो अपनी संगी-साथियों के साथ इंजॉय करेंगी। विद्यार्थियों के लिए आज अच्छा दिन है, उनको आज किसी टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आपके वो सारे काम बनेंगे जिनके लिए आप इतने दिनों से मेहनत कर रहे थे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, माता - पिता के आशीर्वाद से सब ठीक होगा। वकीलों के लिए आज अच्छा दिन है, किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में आप अच्छी प्रैक्टिस करेंगें। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से राहत मिलेगी, जिससे आज आप खुद को बेहतर महसूस करेंगें।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन परिश्रम की अधिकता बनी रहेगी। किसी जरुरी विषय के ऊपर आज आप जीवनसाथी के साथ चर्चा कर सकते है। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जो लोग घर से दूर रहते है, उनको आज घर जाने का मौका मिलेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें, कुछ बातों को आज आप गुप्त रखें आपके लिए अच्छा रहेगा। अविवाहित व्यक्तियों को आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है, जल्द ही घर में मांगलिक कार्य होंगें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से धन लाभ होगा, भौतिक सुख की अधिकता बनी रहेगी। शादीशुदा रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, बच्चों के साथ आज आप बढ़िया टाइम स्पेंड करेंगें। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे परिवार में चहल - पहल बनी रहेगी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होने वाला है। आज आप अपने व्यापार को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा। रोजगार की तलाश में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी अच्छी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगें, घूमने भी जा सकते हैं। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने का विचार कर सकते है, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। महिलाओं के लिए आज का दिन खास है, आज आप लोग अपने गृहकार्य से निवृत्त होकर कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, आपका परिवारिक जीवन खुशनुमा बना रहेगा। विद्यार्थियों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई को और अच्छे से कर पाएंगें। आज किसी बात को लेकर जीवनसाथी के साथ डिस्कस हो सकता है।

धनु राशि: आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, रिश्ते में नयापन आएगा। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खान - पान को लेकर कोताही न बरतें।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यो में सफलता मिलेगी, जिससे मन में प्रसन्नता आएगी। आज आप घर के लिए भौतिक चीजों की खरीददारी करने मार्केट जायेंगें। जीवनसाथी के साथ आज आप सुकून के पल बितायेंगें, जो आपको ख़ुशी प्रदान करेंगें।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप दिनचर्या से जुड़े सारे काम समय रहतें निपटा लेंगे, जिससे आप बाकी के काम कर पाएंगे। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे आज आपको तंग नहीं करेंगे। कला जगत में संगीत से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। समस्या से छुटकारा मिलेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सोने -चांदी के व्यापार में अचानक धन लाभ होगा, भौतिक सुख में बढ़ोत्तरी होगी। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, आज आप दोस्तों के साथ टूर पर जा सकते है। छात्रों को आज उनके सीनियर के मार्गदर्शन में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

# भारत का आम नवाबी, जुनून का प्रतीक रहा है जो इसे खास बनाता है

अजय दीक्षित

सन 1811में पुर्तगाली कमांडर अल्फांसो ने आम की एक किस्म रत्नागिरी जिले के जंगलों देखी और उसने उस आम के किस्म क्राफ्टिंग की तो जो आम पेड़ पर लगा उसे अल्फांसो नाम दिया गया। अंतराष्ट्रीय मार्केट में इस आम की कीमत 3000रुपए प्रति किलो तक बिकती है। लेकिन भारत में आम की उपस्थिति 6000 साल से है क्योंकि महाभारत काल में इसका उल्लेख है। बताया जाता है कि ईसा से 600 वर्ष पहले भगवान बुद्ध को एक युवती ने आम का बगीचा भेंट किया था और बुद्ध ने उसे आम्रपाली नाम दिया ।मुगल शासन में अबु फ़सल ने लिखा था कि सलीम लंगड़े पर मत रो वह भी खास होकर आम है। इस तरह लंगड़ा भी आम की एक किस्म है । इंस्टीट्यूट ऑफ पाइलियों बॉटनी लखनऊ के प्रोफेसर पंत कहते हैं कि भारत में आम की उत्पत्ति का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन मुगल शासन में आम को खूब संरक्षण मिला । उत्तर प्रदेश का मलीहाबादी , लखनवी, बनारसी, आम सुप्रसिद्ध है। दशहरी गांव से चला आम आज पूरे भारत का सबसे अधिक उत्पादन वाली आम की किस्म है। भारत में टोटपरी, दशहरी,लंगड़ा, केसर,बादाम,फाजली और मुगल बादशाह हुमायूं का चौसा, सफेदा, अल्फांसो, हापुश,सहित किस्मों के आम पाए जाते हैं।आम से आमरस, आमचूर, मांगोसेक, आम पापड़ बनाए जाते हैं।आम का आचार इस पद्धति का उपयोग सारे भारत



में किया जाता है।बताया जाता है कि ब्रिटिश ने भारत के आम को पहले इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, मिडिल ईस्ट में पहुंचा दिया था।

भारत में लखनऊ और दक्षिण भारत विजय वाडा बहुत बड़े आम केंद्र हैं।असम, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक,भी आम की अनेक किस्में उत्पादन करते हैं।यहां पर पूरे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना,से आम आते है भारत संसार सबसे बड़ा आम उत्पादन 3 0 लाख मैट्रिक टन वाला देश है। इसके अलावा आम किस्म भारत के हर जिले में होती है।जो स्थानीय स्तर पर बिकती है, आचार डाला जाता है और तो और औषधि मेभी उपयोग किया जाता है।

उत्तर प्रदेश में मेरठ, मजफ़्फर नगर, हापुड़, सीतापुर, मलिहाबाद, लखनऊ, बाराबंकी,सहित कई जिले आम निर्यात भी करते हैं।एक बार शाहजहां ने दख्खन के नबाब औरंगजेब को इस लिए बंदी बनाया था कि उसने हैदराबादी, हापुस आम दिल्ली नहीं भेजे थे।भारत में आम उत्पादन में लखनऊ के नवाबों ने खालिस दिलचस्पी ली वे प्रति वर्ष आम उत्पादन से जुड़े लोगों की प्रतियोगिता कराते थे और सम्मानित भी करते थे। लखनऊ के अंतिम नबाब वाजिद अली शाह के बारे में वाइस राव वारिंग हेस्टिंग को यह शिकायत दर्ज कराई गई कि बादशाह आम और आम्रपाली के साथ ही रहता है सनातन धर्म में आम के पेड़ का विशेष महत्व है।हवन में आम की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है।शुभ कार्यों में बंदनवार में आम के पत्ते बांधे जाते हैं।आजादी के बाद कृषि वैज्ञानिकों ने आम की विभिन्न किस्मों को उन्नत शील बनाया । काश्तकारों को प्रशिक्षण भी दिया गया। पेस्टिसाइज के उपयोग भी हुए । पंत विश्वविद्यालय ने आम की खेती को व्यवसाय बनाया ।बताते हैं कि मलिहाबाद में एक पेड़ में छह टन आम उत्पादन होता है।जो राष्टिय औसत से अधिक है।हिमालय की तराई वाले क्षेत्र हरिद्वार, रुड़क बिजनौर, मजफ़्फर नगर,मेरठ,हापुड़, अलीगढ़,मोदी नगर,में आम की अच्छी खासी खेती होती है। आधे जून,जुलाई में आम की आवक अधिकतम होती है अब तो इन आमों को कोल्डस्टोरेज में भी रखा जाता है। भारत, पाकिस्तान आम के सबसे बड़े निर्यातक देश हैं।





# जम्मू-कश्मीर के रामबन में काफिले की कई बसों की टक्कर, 36 अमरनाथ तीर्थयात्री घायल



मंडी जिले के सिराज के बगस्याड़ क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित शरण गांव में हुई तबाही का एक दृश्य।

श्रीनगर (ए.)। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में पांच बसों के आपस में टकराने से कम से कम 36 अमरनाथ तीर्थयात्री मामूली रूप से घायल हो गए। यह घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकोट के पास सुबह करीब 8 बजे हुई। ये बसें जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम जा रहे काफिले का हिस्सा थीं। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब बसों में से एक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे वह काफिले में शामिल अन्य वाहनों से टकरा गई।

रामबन के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अलयास खान ने कहा, चंद्रकोट लंगर स्थल के पास एक बस ब्रेक नहीं लगा पाई और वह चार अन्य बसों से टकरा गई। कुल 36 तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मरीजों का अस्पताल में इलाज किया गया। तीर्थयात्रियों को आगे जाने के लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था की गई है...इसके अलावा



अमरनाथ यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों के मुताबिक, 6,979 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था दो अलग-अलग काफिलों में तड़के साढ़े तीन बजे से चार बजकर पांच मिनट के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ था। चौथे जत्थे में 5,196 पुरुष, 1,427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि 4,226 तीर्थयात्री 161 वाहनों में सवार होकर 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से नुनवान आधार शिविर के लिए रवाना हुए जबकि 2,753 तीर्थयात्री 151 वाहनों में सवार होकर 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अधिक ढलान वाले बालटाल मार्ग से रवाना हुए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा के पहले दो दिन के दौरान 20,000 से अधिक तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा को लेकर पूरे केंद्र शासित प्रदेश में उत्सव और उत्साह का माहौल है।

सिन्हा ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल आधार शिविर में तीर्थयात्री निवास परिसर का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से कहा, अब तक मिली जानकारी के अनुसार, 20,000 से अधिक भक्त बाबा का दर्शन कर चुके हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए।

## पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हैंडग्रेनेड समेत हथियारों का जखीरा बरामद

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ के सुरनकोट उपखंड में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने हथगोले, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। यह बरामदगी बेहरामगला के पास मरहा इलाके में की गई, जहां सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधि को लक्षित करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान तीन हथगोले, बीस गोलियां, एक तार काटने वाला उपकरण, एक चाकू, चार्जिंग केबल और बैटरियां जब्त की गईं। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पुंछ पुलिस एसओजी और



भारतीय सेना रोमियो फोर्स के संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बेहराम गाला के पास मरहा में एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और तीन हथगोले, गोला-बारूद, वायर कटर, बैटरी, एक चाकू, बिजली के तार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने तक तलाशी अभियान अभी भी जारी था। वहीं, जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त तैनाती की गई है। यह अभियान बुधवार को कुचल-चतरू के घने जंगलों वाले कंजल मांडू इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शुरू किया गया।

## सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं, अर्जेंटीना में भव्य स्वागत पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है। यह बात उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे और पारंपरिक स्वागत के बाद कही। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, सांस्कृतिक जुड़ाव के मामले में दूरी कोई बाधा नहीं है! ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए शानदार स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह देखना वाकई बहुत अच्छा है कि कैसे घर से हज़ारों किलोमीटर दूर, भारत की भावना हमारे भारतीय समुदाय के माध्यम से चमकती है। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से मोदी-मोदी, जय हिंद और भारत माता की जय के नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दिखी। वहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी से ऑटोग्राफ भी लिया। बता दें कि पीएम मोदी की यह अर्जेंटीना यात्रा 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है। पीएम मोदी राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर अर्जेंटीना पहुंचे हैं।

## पिकअप वाहन के नहर में गिरने से किशोर की मौत



चंडीगढ (ए.)। गढ़शंकर-कोट फतुही रोड पर 25 प्रवासी मजदूरों को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के नहर में गिरने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार रात को सड़क पर पिकअप के सामने अचानक आए एक जानवर को बचाने के फेर में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने कहा कि पिकअप रावलपिंडी मोड़ के पास बिस्त दोआब नहर में गिर गया। इस दुर्घटना में बदायूं (उत्तर प्रदेश) के निवासी आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी सभी यात्रियों को राहगीरों ने बचा लिया। पुलिस ने बताया कि आकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़शंकर के सामान्य अस्पताल में भेजा गया है और आगे की जांच जारी है।

## चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान समय की मांग है : बिरला



नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान समय की मांग है तथा उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए। बिरला ने यहां इनोवेटिव फिजिशियन फोरम के सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती है। बिरला का यह भी कहना था कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सफलतापूर्वक बढ़ाया गया है और इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ये सेवाएं प्रत्येक देशवासी के लिए उपलब्ध हों। उन्होंने कहा, ''आज जहां विकसित देश बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वहीं भारतीय डॉक्टर नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर विश्व में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सशक्त वैज्ञानिक प्रतिभा, सुदृढ़ अनुसंधान सुविधाएं और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में न केवल देश की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर भी काम हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए इसे समय की मांग बताया। बिरला ने कहा, ''उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और रोगियों की देखभाल में सुधार के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति का लाभ उठाया जाना चाहिए। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना और चिकित्सा अनुसंधान में निवेश करना नये उपचार विकसित करने, रोगों की रोकथाम को बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य सेवा तंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

## कैंसर पर बड़ी खोज : इंसानों में मिला ऐसा जेनेटिक बदलाव, जो बढ़ाता है इस जानलेवा बीमारी का खतरा

नई दिल्ली (ए)। अमेरिका की एक शोध टीम ने ऐसा आनुवंशिक बदलाव खोजा है, जो इंसानों में कैंसर होने के खतरे को बढ़ाता है। इस बदलाव की वजह से हमारे शरीर की रक्षा प्रणाली कमजोर पड़ती है, जिससे कैंसर बढ़ने लगता है। यह खोज बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे वैज्ञानिकों को कैंसर के नए और प्रभावी इलाज विकसित करने में मदद मिलेगी। कैलिफोर्निया डेविस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि हमारे शरीर की कुछ प्रतिरक्षा कोशिकाएं (रोगों से लड़ने वाली कोशिकाएं) सॉलिड ट्यूमर (गांठ वाले कैंसर) से लड़ने में उतनी असरदार नहीं होतीं, जितनी कि दूसरे नॉन-ह्यूमन प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी) की होती हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित एक रिसर्च में पता चला कि इंसान और बंदरों जैसे जानवरों के बीच एक छोटा सा जेनेटिक अंतर होता है। यह अंतर फास लिगैंड (एफएएस-एल) नामक प्रतिरक्षा प्रोटीन में होता है। बता दें कि यह प्रोटीन हमारे शरीर की रक्षा करने वाली कोशिकाओं में होता है और कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इस छोटे से अंतर की वजह से इंसानों की प्रतिरक्षा कोशिकाएं कैंसर के खिलाफ कम असरदार होती हैं।

इस जेनेटिक बदलाव में प्लास्मिन नामक एंजाइम 'एफएएस-एल' प्रोटीन को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कमजोरी आने लगती है। मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर जोगेंद्र तुशीर सिंह ने कहा, 'एफएएस-एल' प्रोटीन का बदलाव इंसानों के दिमाग की सोचने-समझने की ताकत को बढ़ाता है, लेकिन कैंसर के मामले में यह नुकसानदेह साबित हुआ है।





केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल, वोल्वो ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष कमल बाली और अन्य उद्योग जगत के नेताओं के साथ बेंगलुरु के होटल ताज वेस्ट एंड में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान।

## ठाकरे बंधुओं की रैली हिंदू विरोधी और जिहादी सोच से प्रेरित : नितेश राणे



ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने मुंबई में ठाकरे बंधुओं (उद्धव और राज) की संयुक्त रैली को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधते हुए इस रैली को हिंदू विरोधी और जिहादी सोच से प्रेरित करार दिया। राणे ने आरोप लगाया कि उद्धव और राज की इस संयुक्त रैली का उद्देश्य समाज को बांटना और राज्य को कमजोर करना है। दो दशक के बाद उद्धव और राज ने शनिवार को सार्वजनिक मंच साझा किया और 'आवाज मराठीचा' नामक विजय सभा का आयोजन किया जिसका उद्देश्य राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी के रूप में हिंदी को शामिल करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाना था। राणे ने इस रैली से एक दिन पहले शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, ''हम हिंदू हैं और मराठी होने पर गर्व करते हैं। जिस तरह से जिहादी हमारे समाज को बांटने की कोशिश करते हैं, ये लोग भी वैसा ही कर रहे हैं। चाहे वह हिंदू राष्ट्र के विचार के खिलाफ काम करने वाले (प्रतिबंधित) पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) हो या स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), ये दोनों (उद्धव और राज ठाकरे) कोई अलग नहीं हैं। ये लोग महाराष्ट्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राणे ने ठाकरे बंधुओं की संयुक्त रैली पर निशाना साधते हुए कहा, ''वर्ली की सभा का उद्देश्य हिंदुओं और मराठी लोगों को बांटना है। इसकी तुलना ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), पीएफआई या सिमी की रैलियों से की जा सकती है। इससे राज्य में हिंदुओं को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। रैली के बाद नल बाजार (मुंबई का एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र) में मिठाई बांटी जाएगी और पटाखे फोड़े जाएंगे। राज्य के मत्स्य पालन एवं बंदरगाह विकास मंत्री ने आरोप लगाया कि यह हिंदू विरोधी रैली है। नितेश राणे उद्धव ठाकरे के धुर विरोधी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र हैं।

## संभल हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक सहायता

संभल (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के हवाले से लिखा, संभल, उत्तर प्रदेश में दुर्घटना के कारण जानमाल के नुकसान से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।





झारखंड के धनबाद के राजगंज इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार घटनास्थल पर पड़ी है। इस हादसे में रेमंड शोरूम के मालिक विशाल कृष्णानी के बेटे साहिल कृष्णानी और रेस्टोरेंट मालिक हरिदयाल सिंह के बेटे अनमोल रतन की मौत हो गई।

# नयी प्रौद्योगिकियां भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि नयी प्रौद्योगिकियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के 'संगम 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, ''आपका विज्ञान, आपकी प्रौद्योगिकी, इस जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के साथ मिलकर भारत के भविष्य की विकास गाथा को आकार देंगे। गोयल ने कहा कि भारत नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में बदल रहा है। उन्होंने कहा, ''बेशक, कुछ छोटे उपायों में, हमने स्टार्टअप पारिस्थितिकी और इसका समर्थन करने के लिए विभिन्न अन्य पहलों का हिस्सा बनने की कोशिश की है, साथ ही आईआईटी मद्रास जैसे संगठनों ने जो काम किया है, उसका भी हिस्सा बनने की कोशिश



की है। गोयल ने कहा कि भारत की नीतियां भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र बनाने के लिए बनाई गई हैं, जो प्रौद्योगिकी को अपनाता है, काम करने और जीने के नए तरीकों को अपनाता है, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग तथा डेटा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है। मंत्री ने कहा, ''हम नयी प्रौद्योगिकियों से पीछे नहीं हटते। हमारा मानना है कि ये प्रौद्योगिकियां हमें विकास की सूची में आगे बढ़ाने में मदद करेंगी।'' उन्होंने कहा कि इससे भारत को अपने अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव का विस्तार जारी रखते हुए वैश्विक व्यापार में मंदी की प्रवृत्ति को रोकने में मदद मिलती है।

## जमशेदपुर : अमूल दूध के गोदाम में लगी भीषण आग, सब कुछ जलकर खाक

जमशेदपुर (आरएनएस)। जमशेदपुर के मानगो सिमुलडांगा इलाके में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। एमजीएम थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (एनएस-33) के किनारे स्थित अमूल दूध के एक बड़े गोदाम में सुबह लगभग 7 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट से आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि करीब दो किलोमीटर दूर से दिख रही थीं।

## बुजुर्ग महिला से साइबर ठगी मामले में 3 गिरफ्तार, पुलिस बोली- ठगों ने खरीदे हथियार

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा की साइबर सेल एक बुजुर्ग महिला के साथ हुई ठगी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 3.29 करोड़ रुपये की ठगी की थी। इस गिरफ्तारी के बारे में एडीसीपी मनीष सिंह ने पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें दो दिल्ली और एक नोएडा का रहने वाला है। ठगी के 17 लाख रुपये भी फ्रीज कराए हैं। 30 जून को पीड़ित बुजुर्ग महिला ने साइबर सेल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, ठगों ने फोन कॉल के जरिए महिला को डराया कि उनके बैंक खाते से जुआ और अवैध हथियारों की खरीदारी हुई है। डर और धमकी के दबाव में महिला ने ठगों के बताए खातों में 3.29 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। एडीसीपी के मुताबिक, जांच में पता चला कि आरोपियों ने अपने और अन्य लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल ठगी के लिए किया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि इन खातों में 71 लाख और 93 लाख रुपये की राशि विभिन्न समय पर जमा की गई थी।


# टीवी पर महिला-केंद्रित शोज की संख्या बढ़ी : नायरा बनर्जी



मुंबई (ए.)। आजकल टीवी पर महिला-केंद्रित शोज की संख्या और लोकप्रियता बढ़ी है, जो एक सकारात्मक बदलाव है। पहले फिल्मों में अक्सर महिलाओं के किरदार केवल सजावटी होते थे और उनकी कोई ठोस पहचान या कहानी में गहराई नहीं होती थी।यह कहना है टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी का। नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर कहानियों के बदलते नजरिए और जेंडर इक्वैलिटी पर खुलकर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल गई है और खासकर टीवी पर महिलाएं लीड रोल में नजर आती हैं, कहानियां उनके नजरिए से कही जाती हैं और उन्हें ताकतवर दिखाया जाता है। लेकिन नायरा मानती हैं कि इसकी वजह से पुरुष किरदार कभी-कभी पृष्ठभूमि में चले जाते हैं और यह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार और जिंदगी दोनों जेंडर के साझा अनुभवों और भावनाओं से बनते हैं, इसलिए असली और सच्ची कहानियां वही हैं जो दोनों के नजरिए और भावना को बराबरी से जगह दें। नायरा ने एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार और अच्छी कहानियां दोनों की भागीदारी से बनती हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि टीवी पर महिलाओं को अब ज्यादा तवज्जो दी जा रही है, जो जरूरी भी था, लेकिन कहानियों में पुरुष किरदारों को भी बराबरी का महत्व देना चाहिए। नायरा ने बताया कि आज भी समाज में ऐसी कई कहानियां हैं जहां दोनों के अनुभव जुड़े होते हैं और दर्शकों को वही कहानियां सबसे ज्यादा अपील करती हैं जो ईमानदारी से दोनों पक्षों को दिखाती हैं। उन्होंने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया।

नायरा ने कहा कि इस गाने के बोल उन्हें बेहद पसंद आए थे। छह महीने पहले उन्होंने यह गाना पहली बार सुना था और तभी उन्हें यह बहुत अच्छा लगा था लेकिन तब वे दूसरी प्रोफेशनल कमिटमेंट्स में बिजी थीं और शूटिंग नहीं कर पाईं। बाद में जब यह प्रोजेक्ट दोबारा उनके पास आया तो उन्होंने बिना देर किए हां कर दी। यह गाना अहान ने लिखा और गाया है। सच्चे प्यार की बात करते हुए नायरा ने कहा कि आज के दौर में सबसे जरूरी है आत्म-प्रेम और अपनी मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना। उन्होंने कहा कि उन्हें प्यार और शादी का आइडिया बहुत पसंद है जिसमें दो लोग मिलकर अपनी जिंदगी बनाते हैं और दोस्ती के साथ एक-दूसरे के साथ बूढ़े होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसा सच्चा प्यार आज भी दुनिया में मौजूद है।

# रामायण' की शूटिंग के पहले पार्ट की फिल्मांकन प्रक्रिया पूरी





मुंबई (ए.)। बालीवुड फिल्म निर्देशक नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म रामायण रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। इस बडे बजट की फिल्म में उनके साथ सनी देओल, यश, रवि दुबे, शीबा चड्ढा, अरुण गोविल और लारा दत्ता जैसे कई दिग्गज कलाकार भी नजर आएंगे।

लंबे समय से चल रही शूटिंग के पहले पार्ट की फिल्मांकन प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म की स्टारकास्ट और क्रू के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें सेट पर शूटिंग खत्म होने के बाद का जश्न नजर आ रहा है। वीडियो में निर्देशक नितेश तिवारी बेहद भावुक होकर अपनी टीम को धन्यवाद देते दिखाई देते हैं। इसके बाद रणबीर कपूर भी माइक संभालते हैं और फिल्म की पूरी टीम और तकनीकी स्टाफ का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। इस वीडियो में केक कटिंग सेरेमनी भी नजर आती है, जिसमें रणबीर कपूर अपने छोटे भाई लक्ष्मण का किरदार निभा रहे रवि दुबे को गले लगाते हैं। शूटिंग पूरी होने के जश्न का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और फैन्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नितेश तिवारी की यह फिल्म अब तक की सबसे खास और भव्य रामायण बनने की तैयारी में है। फिल्म को तीन भागों में बनाने की योजना है और पहले भाग की शूटिंग पूरी होते ही अब पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 4 जुलाई को फिल्म का पहला आधिकारिक टीजर जारी किया जाएगा जो करीब तीन मिनट लंबा होगा।

इस टीजर को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है क्योंकि पहली बार फिल्म की भव्य दुनिया और कलाकारों के लुक से पर्दा उठेगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम और साई पल्लवी सीता के किरदार में नजर आएंगी। वहीं रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं। सनी देओल हनुमान के रोल में दिखेंगे जबकि कन्नड़ सुपरस्टार यश रावण का अहम किरदार निभा रहे हैं। लारा दत्ता कैकेयी, शीबा चड्ढा मंथरा और रामानंद सागर के मशहूर टीवी रामायण में राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल इस बार राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे।

## 'देवदास' की पारो का किरदार निभाना चाहती हैं मानुषी, बताया बॉलीवुड में कैसा रहा अब तक का सफर





मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। मानुषी को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। क्योंकि उनके तीन साल के बॉलीवुड करियर में एक भी हिट फिल्म नहीं है। ऐसे में 'मालिक' मानुषी के लिए काफी अहम फिल्म है। अब फिल्म के प्रमोशन के दौरान मानुषी छिल्लर अभिनेता राजकुमार राव के साथ अमर उजाला के लखनऊ स्थिति ऑफिस में पहुंचीं। यहां खास बातचीत में मानुषी ने रैपिड फायर राउंड में कई मजेदार जवाब दिए।

आपकी पसंदीदा अभिनेत्री कौन हैं?

मुझे प्रियंका चोपड़ा बहुत पसंद हैं।

किस फिल्म के रीमेक में काम करना चाहेंगी?

मैं देवदास में पारो का किरदार करना चाहूंगी।

2017 में मिस वर्ल्ड बनने से शुरू हुई अब तक की जर्नी में अगर कुछ एक डिलीट करना हो, तो क्या करेंगी?

वैसे तो कुछ भी नहीं डिलीट करना चाहूंगी। क्योंकि हर एक पल ने कुछ न कुछ दिया है। उससे कुछ न कुछ सीखा है। हां, जब कोविड की वजह से लॉकडाउन लगा था, तब जरूर ये लगा था कि सब कुछ स्लो हो गया है। एक ठहराव आ गया है। वो भी इसलिए कि मैंने शुरू ही किया था और अचानक सब कुछ थम सा गया। हालांकि, उस वक्त उसकी जरूरत थी। लेकिन अंदर ही अंदर लगता था कि मैं और भी काम करना चाहती हूं।

# क्या अनुष्का शेट्टी को डेट कर रहे थे प्रभास? बाहुबली एक्टर ने कहा था- 'यह स्वाभाविक है, लेकिन...'



'बाहुबली' के अभिनेता प्रभास का नाम दो लोगों के साथ जुड़ चुका है। इस पर उन्होंने अपनी बात रखी। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला?

'बाहुबली' स्टार प्रभास अक्सर अपने काम को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि वह अपनी निजी जिंदगी पर बहुत खामोश रहते हैं। जब 'बाहुबली' फिल्म रिलीज हुई थी तब फैंस इस फिल्म के सभी कलाकारों के बारे में जानना चाहते थे। अफवाहें फैली कि प्रभास अपनी साथी कलाकार अनुष्का शेट्टी को डेट कर रहे हैं। इस पर प्रभास ने अपनी बात रखी थी।

**करण जौहर ने प्रभास से पूछा निजी सवाल**

'कॉफी विद करण' सीजन 6 में प्रभास पहुंचे थे। उनके साथ राणा दग्गुबती और निर्देशक एसएस राजामौली भी थे। प्रभास से जब पूछा गया कि क्या वह किसी को डेट कर रहे हैं? तो प्रभास ने मना कर दिया। उन्होंने किसी के साथ रिश्ते में होने की बात से इंकार किया। करण ने यह भी पूछा कि क्या वह अनुष्का शेट्टी को डेट कर रहे हैं?

**अनुष्का शेट्टी को डेट करने से इंकार किया**

इस बात का जवाब देते हुए प्रभास ने कहा अगर कोई किसी के साथ दो वर्षों तक काम करता है, तो यह स्वाभाविक है कि उसके रिश्ते को लेकर अफवाहें फैलाई जाने लगें। इसके बाद प्रभास ने अनुष्का शेट्टी को डेट करने की बात से इंकार कर दिया।



## अब विक्रांत ने किया दीपिका का समर्थन, बोले- 'वो इसकी हकदार, मैं भी जल्द आठ घंटे ही काम करूंगा'

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग के बाद इंडस्ट्री में एक बहस छिड़ गई है। दीपिका ने अपनी इसी शर्त के चलते संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' फिल्म भी छोड़ दी थी। इसके बाद इंडस्ट्री के कई लोगों ने दीपिका का समर्थन भी किया था। अब इसी लिस्ट में एक और नाम भी जुड़ गया है। अभिनेता विक्रांत मैसी ने भी दीपिका के आठ घंटे काम करने की मांग का समर्थन किया है।

**ये एक ऑप्शन होना चाहिए**

फर्स्टपोस्ट के साथ बातचीत के दौरान विक्रांत ने दीपिका का समर्थन करते हुए कहा कि वह भी कुछ साल में ऐसा ही करना चाहते हैं। एक्टर ने कहा, "मैं बहुत जल्द ऐसा कुछ करने की इच्छा रखता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि हम सहयोग कर सकते हैं, लेकिन मैं केवल आठ घंटे काम करूंगा। लेकिन साथ ही यह एक ऑप्शन होना चाहिए कि अगर मेरा प्रोड्यूसर इसे स्वीकार नहीं कर सकता। क्योंकि जब आप फिल्म बना रहे होते हैं तो इसमें बहुत सी और चीजें भी शामिल होती हैं।"

# 'बिग बॉस 19' को लेकर दर्शकों को करना पड रहा लंबा इंतजार



मुंबई (ए.)। रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 का इस बार दर्शकों को लंबा करना पड़ा है। शो को अब एक बड़ी खबर सामने आई है जिसने फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। खबर है कि सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड और चर्चित होस्ट यूलिया वंतूर को मेकर्स ने इस बार बतौर कंटेस्टेंट अप्रोच किया है।

बिग बॉस से जुड़ी खबरें साझा करने वाले प्लेटफॉर्म 'बिग बॉस खबरी' ने हाल ही में एक पोस्ट में दावा किया है कि यूलिया वंतूर से इस बार शो में हिस्सा लेने के लिए संपर्क किया गया है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, इससे पहले भी उन्हें कई बार अप्रोच किया गया था लेकिन उन्होंने हर बार शो में आने से इनकार कर दिया था। ऐसे में अब यह सवाल चर्चा में है कि क्या इस बार यूलिया वाकई 'बिग बॉस' हाउस में कदम रखेंगी? इसका जवाब आने वाले समय में ही मिलेगा लेकिन फिलहाल सोशल मीडिया पर इस खबर ने खूब हलचल मचा दी है। यूलिया और सलमान खान का नाम लंबे समय तक सुर्खियों में रहा है। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया और कई बार दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहें भी उड़ती रहीं। ऐसे में अगर यूलिया इस बार वाकई शो में एंट्री लेती हैं तो दर्शकों के लिए यह सीजन और भी दिलचस्प हो सकता है। सोशल मीडिया पर इस खबर को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। कई यूजर्स ने इसे लेकर मजेदार और तंजभरे कमेंट भी किए हैं। एक यूजर ने लिखा—"फिर तो यह सीजन बायस्डनेस के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा।"

दूसरे ने कहा—"उम्मीद है इस बार वीकेंड पर ज्यादा भाषण नहीं सुनना पड़ेगा।" वहीं किसी ने यह भी लिखा—"अगर यह आ रही है तो फिर तो यही जीतेगी।" इधर, बिग बॉस 19 के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। चर्चाओं में गौरव खन्ना, प्रिया रेड्डी, पारस कलनावत और लक्ष्य चौधरी जैसे नाम सामने आए हैं। हालांकि मेकर्स की तरफ से अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। ऐसे में फैन्स अब बेसब्री से शो के प्रोमो और कंफर्म लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं।

# क्या बॉलीवुड में वापसी करने वाली हैं सेलिना जेटली? हिंट से फैंस हुए उत्साहित



14 वर्षों से फिल्मों से दूर सेलिना जेटली ने सोशल मीडिया पर एक बात कही है। इससे उनके फैंस बॉलीवुड में उनकी वापसी को लेकर उत्साहित हैं।

सेलिना जेटली पिछले 14 वर्षों से फिल्मों से दूर हैं। आखिरी बार उन्हें लीड एक्ट्रेस के तौर पर साल 2011 में आई फिल्म 'थैंक यू' में देखा गया था। इसके बाद वह 2012 में 'विल यू मैरी मी' में बहुत कम देर के लिए नजर आईं। उनके फैंस उनकी पर्दे पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक हिंट दी, जिससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वह जल्द ही फिल्म में वापसी करेंगी।

**सेलिना ने वीडियो शेयर कर सवाल पूछा**

शुक्रवार को सेलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पुराना वीडियो शेयर किया। ये वीडियो उस वक्त का है जब वह प्रेगनेंट थीं। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह चल नहीं सकतीं, इसलिए वह कुर्सी पर बैठी हैं। वीडियो शेयर करते हुए सेलिना ने लिखा 'सात साल पहले मैं 6 महीने की प्रेगनेंट थी। उस वक्त मैं सिम्फिसिस प्यूबिस डिसफंक्शन की वजह से चल नहीं सकती थी। क्या किसी के साथ ये दिक्कत हुई है?'

**यूजर के सवाल का सेलिना ने दिया जवाब**

सेलिना जेटली के इस वीडियो को कई यूजर्स ने लाइक किया और कई यूजर्स ने इस पर कमेंट किए। एक यूजर ने पूछा 'हम आपको बहुत याद करते हैं। आप बॉलीवुड में वापस कब आओगी?' इस पर सेलिना जोटली ने रिप्लाई किया 'जल्द ही।' सेलिना जेटली ने रिप्लाई में एक गुलाब वाला इमोजी भी कमेंट किया।

**शॉर्ट फिल्म में निभाई भूमिका**

सेलिना जेटली साल 2020 में आई शॉर्ट फिल्म 'सीजंस ग्रीटिंग' में नजर आईं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशन राम कमल मुखर्जी ने किया था। हालांकि इससे उनकी पर्दे पर वापसी नहीं हुई। इस साल फरवरी में सेलिना जेटली किसी काम से मुंबई गईं थीं। उनके इस दौरे को फिल्मों में उनकी वापसी के तौर पर देखा गया।

**फिल्मों में वापसी को लेकर सेलिना ने क्या कहा?**

साल 2020 में हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में सेलिना ने कहा था कि उन्होंने सिनेमा से ब्रेक ले लिया था। उन्होंने कहा 'लगातार खुद को साबित करने की वजह से मैं थक गई थी। इसके बाद मैंने कहा ठीक है, मुझे एक ब्रेक लेना होगा, जिंदगी में कुछ अलग काम करने होंगे, बैटरी रिचार्ज करनी होगी और जब भी मैं तैयार हो जाऊंगी, मैं फिर से वापस आऊंगी।'

# 'आशिकी' से लेकर 'दिलवाले' तक, इन फिल्मों के गानों ने दर्शकों को किया दीवाना; देखें लिस्ट



हाल ही में सिनेमाघरों में 'मेट्रो इन दिनों' रिलीज हुई है, जिसका सॉन्ग 'जमाना लगे' बेहद पसंद किया जा रहा है। आइए जानते हैं ऐसी फिल्मों के बारे में, जिनके गाने काफी प्रसिद्ध हुए।

बॉलीवुड में अक्सर ऐसी फिल्में बनती हैं, जिनके कुछ गाने इतने फेसम हो जाते हैं कि वो दर्शकों को दिलों में बस जाते हैं। वहीं कुछ फिल्में, तो ऐसी भी रही हैं जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुईं, लेकिन उनके गानें काफी हिट रहे। शुक्रवार को 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में रिलीज हुई, जिसका गाना 'जमाना लगे' दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। चलिए जानते हैं कि किन फिल्मों के गानों ने दर्शकों को बनाया दीवाना।

**ऐ दिल है मुश्किल**

करण जौहर के निर्देशन में साल 2016 में 'ऐ दिल है मुश्किल' रिलीज हुई। इस फिल्म में रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा, ऐश्वर्या राय बच्चन, आलिया भट्ट जैसे कलाकार मौजूद थे। फिल्म का 'चन्ना मेरेया' और 'ऐ दिल है मुश्किल' सॉन्ग काफी पंसद किया गया था। यह फिल्म हिट साबित हुई थी और इसके गानें लोगों के दिलों में बस गए थे।

**अनवर**

मनीष झा के निर्देशन में साल 2007 में 'अनवर' रिलीज हुई। इस फिल्म का 'मौला मेरे' और 'तोसे नैना लागे' सॉन्ग बहुत फेमस हुआ था। आज भी ये गाना लोग गुनगुनाते हुए दिख जाते हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में मनीषा कोइराला नजर आईं थीं।

**आशिकी**

1990 का वो साल, जब 'आशिकी' फिल्म रिलीज हुई। इसके गानों ने दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया था। 'मैं दुनिया भुला दूंगा', 'नजर के सामने', 'एक सनम चाहिए आशिकी के लिए', जैसे गानें आज भी लोगों की जहन में कैद हैं। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को खूब रास आई थी। 'आशिकी' फिल्म का निर्देशन महेश भट्ट ने किया था।

**बार-बार देखो**

कैटरीना कैफ और आदित्य रॉय कपूर अभिनीत 'बार-बार देखो' साल 2016 में रिलीज हुई। इस फिल्म के गाने भी दर्शकों को खूब पसंद आए थे। 'काला चश्मा', 'खो गए हम कहां' जैसे गानें खूब पसंद किए गए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन नित्या मेहरा ने किया था।

**रॉय**

रणबीर कपूर और जैकलिन फर्नांडीज अभिनीत 'रॉय' साल 2015 में रिलीज हुई थी। फिल्म का गाना 'तू है कि नहीं' और 'सूरज डूबा है यारो' ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। इसके अलावा 'चिटिया कलाइयां' को भी लड़कियों ने बहुत पसंद किया।

**आशिकी 2**

आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'आशिकी 2' साल 2013 में रिलीज हुई। पहले पार्ट की तरह इस फिल्म की कहानी और गाने को बहुत पसंद किया गया। 'तुम ही हो', 'सुन रहा है', 'भुला देना' जैसे गानें लोगों के दिलों में कैद हो गए थे।

**दिलवाले**

शाहरुख खान और काजोल अभिनीत 'दिलवाले' के गाने भी बहुत प्रसिद्ध हुए थे। हालांकि, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था। फिल्म के गानों ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 'रंग दे तू मोहे गेरुआ' सॉन्ग काफी फेमस हुआ था।

## 'लव यू जानू'.., 10 लाख प्रति माह गुजारा भत्ता मांगने वाली शमी की पत्नी का जागा प्यार, बोली- मरते दम तक...



नई दिल्ली (आरएनएस)। 10 लाख प्रति माह गुजारा भत्ता की मांग करने वाली भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां के दिल में पति के प्रति प्यार उजागर हुआ है। हसीन जहां ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबे चौड़े मैसेज के साथ एक पोस्ट डाली है, जिसमें वह शमी के प्रति प्यार के इजहार के साथ-साथ दोनों के बीच के खटास के कारणों को भी गिना रही हैं। हसीन ने लिखा कि आई लव यू सो मच जानू। कहीं तुम्हें मेरी जैसी बीवी मिलेगी, जो इतनी शिद्दत से रिश्ता निभाए? हसीन ने लिखा कि मेरे प्यार आप फिक्र न करें। उन्होंने यह भी लिखा कि बीते सात वर्षों से जारी कानूनी लड़ाई में किसी को कुछ हासिल नहीं हुआ है। हसीन जहां ने संदेश में लिखा, डोंट वरी माय लव, मरते दम तक हम एक मज़बूत रिश्ता निभाएंगे इंशा अल्लाह, बस डिसाइड आपको करना है वो मज़बूत रिश्ता कैसा होगा! हसीन ने पोस्ट में लिखा 7 साल से हम लोग लीगल बैटल में इन्वॉल्व्ड हैं। क्या फायदा हुआ आपको? कैरेक्टरलेस, ग्रीडी, मीन माइंडेड होने के कारण आपने अपना खुद का ही परिवार बर्बाद कर दिया। कितने क्रिमिनल्स खरीदे आपने हमें मारने के लिए, बदनाम करने के लिए, परेशान करने के लिए, हर जगह से हराने के लिए — कुछ हासिल हुआ आपको? जो पैसे हरामखोरों को दिए, वेश्याओं पर लुटाए — वही पैसे अगर आपने अपनी बेटी की एजुकेशन, लाइफ और फ्यूचर के लिए खर्च किए होते और मुझे अच्छी जिंदगी दी होती — तो कितना अच्छा होता। गुनाह से भी बच जाते और हम एक इज़्ज़त की अच्छी जिंदगी जी सकते थे। देखो, अल्लाह ने मुझे कितनी हिम्मत, बर्दाश्त और सब्र दिया है — मैं अब भी हक की लड़ाई में खड़ी हूं।

## पैट कमिंस ने पकड़ा एक हाथ से हैरतअंगेज कैच, वीडियो देख हैरान हुआ वर्ल्ड क्रिकेट

नई दिल्ली(आरएनएस)। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मैच ग्रेनेडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है. दूसरे दिन के समाप्त तक मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 12 रन के स्कोर पर 2 विकेट खो दिए है. पहली पारी में कंगारुओं ने 286 रन बनाए थे जबकि मेजबान टीम वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रनों पर सिमट गई थी. जिससे ऑस्ट्रेलिया को 33 रनों की लीड मिल गई। खेल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन किया, और एक हाथ से डाइविंग करते हुए हैरतअंगेज कैच पकड़कर सबको हैरान कर दिया. कैच की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. जहां हर कोई 32 वर्षीय खिलाड़ी की तारीफ कर रहा है और असंभव कैच को संभव में बलने पर हैरान भी हो रहे हैं।

## शुभमन गिल की सफलता के पीछे युवराज का हाथ : योगराज सिंह

चंडीगढ़(आरएनएस)। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने एजबेस्टन में शुभमन गिल की खेली 269 रन की पारी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि गिल को तिहरा शतक बनाना चाहिए था। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए योगराज सिंह ने



कहा, बल्लेबाजों की रन बनाने की भूख कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। मैं कभी बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं होता हूं। बल्लेबाजों का काम ही है, रन बनाना। आपने 200 बनाए हैं, 300 बनाइए। हालांकि शुभमन गिल ने बहुत अच्छा खेला। गिल के पीछे महान युवराज सिंह का हाथ है। ऐसा मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा कि युवराज मेरा बेटा है। वह सबका है। उन्होंने कहा कि आप भविष्य में देखिएगा कि युवराज के ट्रेन किए और भी खिलाड़ी शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की तरह ही भविष्य में भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाएंगे। यह भी हो सकता है कि हिंदुस्तान की टीम से खेलने वाले सभी 11 खिलाड़ी युवराज से प्रशिक्षित हों। शुभमन पिछले सात साल से युवराज के साथ है। युवराज लगातार उनकी खामियों पर काम कर रहा है।

## मोहम्मद सिराज ने मचाया धमाल, 2 बॉल में लगातार जो रूट और बेन स्टोक्स को किया आउट

बर्मिंघम (आरएनएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है. तीसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने धमाल मचा दिया.इस मैच में भारत को अपनी स्थिति तीसरे दिन इंग्लैंड के सामने और मजबूत बनाने के लिए जो रूट, हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाजों के विकेट जल्दी चाहिए थे. क्योंकि ये खिलाड़ी भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं. लेकिन सिराज ने अपने बेहतरीन गेंदबाजी से तीसरे दिन के दूसरे ओवर में ही गेंद के साथ तबाही मचा दी.सिराज ने तीसरे दिन के अपने पहले ओवर में लगातार दो बॉल में दो खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी. सिराज ने ओवर की तीसरी बॉल पर जो रूट (22) और चौथी बॉल पर बेन स्टोक्स (0) को पवेलियन भेज दिया. इन दिनों ही खिलाड़ियों के कैच विकेट के पीछे ऋषभ पंत ने पकड़े. सिराज अब तक मैच में 3 विकेट चटका चुके हैं. उन्होंने दूसरे दिन जैक क्रॉली (19) को भी करुण नायर के हाथों कैच आउट कराया था. इन दोनो विकेट से साथ ही भारत ने इंग्लैंड का स्कोर 85 पर पांच कर दिया. इस समय इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ बल्लेबाजी कर रहे हैं.इससे पहले इस मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पारी के तीसरे और अपने दूसरे ओवर में आकाशदीप ने इंग्लैंड को लगातार दो बॉल पर दो झटके देकर बैकफुट पर धकेल दिया था. आकाशदीप ने बेन डकेट (0) और ओली पोप (0) को पवेलियन भेजा था. डकेट शुभमन गिल को जबकि पोप केएल राहुल को कैच थमा बैठे थे.झ इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 10 विकेट खोकर 151 ओवर में 587 रन बनाए. भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने दोहरा शतक लगाया. उन्होंने 387 बॉल में 30 चौके और 3 छक्कों की मदद से 269 रनों की शानदार पारी खेली. भारत के लिए शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 87, रविंद्र जडेजा ने 89 और वाशिंगटन सुंदर ने 42 और करुण नायर ने 31 रनों का योगदान दिया. इंग्लैंड के लिए शोएब बशीर ने 3 विकेट लिए, जबकि जोश टंग और क्रिस वोक्स ने 2-2 विकेट चटकाए. बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जो रूट ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## विश्व मुक्केबाजी कप : नूपुर फाइनल में पहुंची, अविनाश जामवाल भी सेमीफाइनल में

अस्ताना (आरएनएस)। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के पदक की संख्या बढ़ गई है। नूपुर (80 किग्रा) फाइनल में पहुंच गईं हैं, जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। नूपुर ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5:0 से हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की। इससे पहले दिन में, अविनाश जामवाल ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में यूएसए के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का किया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) का अभियान क्वार्टर फाइनल में



समाप्त हो गया। नीरज ने बेहतरीन तरीके से अपना मैच खेला लेकिन विभाजित निर्णय में 3:2 से हार गए। सेमीफाइनल में 10 मुक्केबाजों और फाइनल में एक के साथ भारत का अस्ताना में मजबूत प्रदर्शन रहा है। गुरुवार को हितेश गुलिया और साक्षी ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर पोडियम स्थान सुनिश्चित किया। वर्ष की शुरुआत में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5:0 से शानदार जीत हासिल की, जिससे उनके नाम एक और पदक सुनिश्चित हो गया। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन करते हुए ब्राजील की तातियाना रेजिना डी जीसस चागास को सर्वसम्मत निर्णय से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक जीते थे। इस साल नवंबर में नई दिल्ली में होने वाले फाइनल के साथ, अस्ताना चरण तैयारियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते थे।

## क्या आईओसी के दबाव में पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत देगा वीजा ?

नई दिल्ली (ए.)। बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को भारत आने देने के मुद्दे पर सरकार के सामने कठिन स्थिति बन गई है। कई वर्तमान और पूर्व खेल प्रशासक सरकार से अपील कर रहे हैं कि वह पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार करे, लेकिन



सरकार ऐसा कदम उठाने से झिझक रही है। इसकी वजह ओलंपिक चार्टर का नियम है, जिसमें राजनीतिक कारणों से किसी देश को टूर्नामेंट से बाहर करने को प्रतिबंधित किया गया है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक है और अगर इस बार पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार किया तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सामने नकारात्मक संदेश जाएगा और भारत की दावेदारी कमजोर पड़ सकती है।सरकारी सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान को वीजा न देने पर यह ओलंपिक चार्टर के उल्लंघन के रूप में देखा जाएगा। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी योग्य एथलीट राष्ट्रीयता या राजनीतिक मतभेद के आधार पर भेदभाव का सामना न करे और उसे खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अधिकार मिले।

## 400 प्लस रन बनाने के बावजूद इंग्लैंड के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकॉर्ड

### सिराज-आकाश ने रचा इतिहास

बर्मिंघम, (आरएनएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 407 रनों पर सिमट गई. जिसकी वजह से भारत को पहली पारी के आधार पर 180 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हो गई. भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे. तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 64 रन बना लिए हैं. जिसके साथ उसकी कुल लीड 244 रनों की हो गई है. केएल राहुल 28 और करुण नायर 7 बनाकर खेल रहे हैं।

जायसवाल 22 गेंद पर 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन उन्होंने वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. जायसवाल अब इन दो महान बल्लेबाज के साथ भारत के तीसरे सबसे तेज 2000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है. उन्होंने ये उपलब्धि 40 पारियों में हासिल की.इंग्लैंड की पहली पारी में केवल पांच बल्लेबाज ही अपना खाता खोल सके. उसमें से दो बल्लेबाजों ने 407 के टोटल स्कोर में से 300 से ज्यादा रन बनाए. जिसमें हैरी ब्रूक के 158 और विकेटकीपर जेमी स्मिथ के नाबाद 185 रन शामिल थे. इसके अलावा 6 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके. जिसकी वजह से मेजबान टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया और वो टेस्ट इतिहास में 400 से अधिक रन बनाने के बावजूद अपने 6 बल्लेबाजों को शून्य पर खोने वाली पहली टीम बन गई.मेन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के बावजूद भारतीय तेज गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी की. खास तौर पर मोहम्मद सिराज और अकाश दीप ने इंग्लैंड टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. दोनों ने पूरे 10 विकेट चटकाए. सिराज 6 तो आकाश 4 विकेट लेने में कामयाब रहे. इस के साथ ये दोनों तेज गेंदबाज एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले चौथे भारतीय सलामी गेंदबाज बन गए है।

## एमएलसी 2025: मैथ्यू शॉर्ट ने खेली कप्तानी पारी, यूनिकॉर्न्स की एक रन से रोमांचक जीत

नई दिल्ली (आरएनएस)। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के 25वें मैच में रोमांचक जीत दर्ज की। टीम ने फ्लोरिडा में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबला महज एक रन से जीता। यह सीजन में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की सातवीं जीत रही, जबकि टेक्सास सुपर किंग्स को तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले ही 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई कर चुकीं इन दोनों टीमों ने अब तक नौ-नौ मैच खेले हैं।मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने छह विकेट खोकर महज 148 रन बनाए। टीम ने महज 19 रन तक अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। यहां से सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने कप्तानी पारी खेलते हुए टीम को संभाला। मैथ्यू शॉर्ट ने हसन खान के साथ चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। हसन खान 25 गेंदों में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए।

## भारत आखिरी ओवर में चूका, इंग्लैंड ने 5 रन से जीता तीसरा टी20

लंदन (आरएनएस)। केनिंग्टन ओवल में शुक्रवार रात भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की महिला टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पास ऐतिहासिक सीरीज जीतने का मौका था, मगर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजों के लड़खड़ाने से भारत 5 रन से हार गया। भारत अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। खेले गए तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) की तूफानी साझेदारी से 137 रन जोड़े। इस जबरदस्त



शुरुआत के बावजूद इंग्लैंड की पारी 20 ओवर में 9 विकेट पर 171 रन पर सिमट गई। 25 गेंदों में 31 रन के भीतर नौ विकेट गिरने से उनकी पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 3/27 और अरुंधति रेड्डी ने 3/32 के आंकड़े दर्ज किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत भी धमाकेदार रही। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदानों का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। शेफाली ने 25 गेंदों में सात चौके जड़े और मंधाना ने 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत पावरप्ले में 61 रन बना चुका था और 16वें ओवर तक मुकाबला पूरी तरह उसकी पकड़ में था। मगर लॉरेन फाइलर ने 16वें ओवर में मंधाना को आउट कर भारत की गति तोड़ी। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों ने वापसी की।

# अन्तर्राष्ट्रीय समाचार

## कच्चाथीवू पर श्रीलंका ने दिखाया सख्त रुख, बोला- किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे द्वीप



कोलंबो, ए)। श्रीलंका ने कच्चाथीवू द्वीप को लेकर भारत में चल रही राजनीतिक बहस पर सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर यह द्वीप नहीं छोड़ेगा। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने शुक्रवार को ही एक बयान में कहा, कि कच्चाथीवू द्वीप अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक श्रीलंका का हिस्सा है और डिप्लोमेटिक रास्ते होने के बावजूद इसे लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।इसी के साथ ही श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों पर आरोप लगाया है कि वे बार-बार समुद्री सीमा लांघकर श्रीलंकाई क्षेत्र में घुसते हैं और वहां के मरीन संसाधनों की लूटपाट करते हैं। विदेश मंत्री हेराथ ने कहा कि भारतीय मछुआरे न सिर्फ मछलियों का अवैध शिकार करते हैं, बल्कि समुद्री पौधों और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। श्रीलंका की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि हाल ही में दोनों देशों के मछुआरों की गिरफ्तारी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से यह मुद्दा चल रहा है, जहां मछुआरे गलती से एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में घुस जाते हैं। इस वजह से कई बार गिरफ्तारियां होती हैं और कूटनीतिक स्तर पर तनाव पैदा होता है।

### कच्चाथीवू द्वीप और विवाद

कच्चाथीवू द्वीप बंगाल की खाड़ी और अरब सागर को जोड़ने वाले पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में स्थित है। यह द्वीप 285 एकड़ में फैला है और भारत के रामेश्वरम से लगभग 19 किलोमीटर जबकि श्रीलंका के जाफना जिले से 16 किलोमीटर की दूरी पर है। यह माना जाता है कि कच्चाथीवू 14वीं सदी में एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद बना था।1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया था। यह निर्णय भारत-श्रीलंका के बीच हुए एक समझौते के तहत लिया गया था, जो आज भी तमिलनाडु की राजनीति और मछुआरा समुदाय के बीच विवाद का कारण बना हुआ है।

### सामरिक महत्त्व

यह समुद्री क्षेत्र न केवल व्यापार और मछलीपालन के लिहाज से अहम है, बल्कि सामरिक दृष्टिकोण से भी भारत और श्रीलंका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पाक स्ट्रेट का नाम ब्रिटिश गवर्नर रॉबर्ट पाक के नाम पर रखा गया, जो 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के गवर्नर थे।

कच्चाथीवू को लेकर भारत और श्रीलंका के बीच तनाव फिर उभर रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य के पोर्ट ऑफ स्पेन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद (प्रतिष्ठित रेड हाउस) के परिसर में पहुंचे।

## कंगाल पाकिस्तान का भविष्य खतरे में माईक्रोसॉफ्ट ने पाक से समेटा अपना पूरा कामकाज, सामने आई ये बड़ी वजह

इस्लामाबाद (आरएनएस)। टेक्नोलॉजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी Microsoft ने पाकिस्तान में आधिकारिक रूप से अपना परिचालन बंद कर दिया है। इसकी पुष्टि कंपनी के पूर्व कार्यकारी अधिकारी जवाद




रहमान ने की है। Microsoft ने पाकिस्तान में अपना काम मार्च 2000 में शुरू किया था। जवाद रहमान नð LinkedIn पोस्ट में लिखा, आज मुझे पता चला कि Microsoft आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान में अपना परिचालन बंद कर रहा है। बचे हुए कुछ कर्मचारियों को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है और इसी के साथ एक युग का अंत हो गया। Microsoft ने बंद करने का कारण सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है, लेकिन इसके पीछे राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट, भारी टैक्स, मुद्रा अस्थिरता और टेक्नोलॉजी आयात की चुनौतियों को माना जा रहा है। 2024 के अंत तक पाकिस्तान का व्यापार घाटा 24.4 बिलियन पहुंच गया था और जून 2025 तक विदेशी मुद्रा भंडार घटकर .11.5 बिलियन रह गया है।

## पाकिस्तान में 5 मंजिला इमारत गिरी, 14 लोगों की मौत, कई मलबे में दबे

करांची,(ए)। करांची के लियारी इलाके में बगदादी क्षेत्र में स्थित एक 5 मंजिला रिहायशी इमारत अचानक भरभराकर गिर गई, इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग अब भी मलबे में फंसे हैं। मृतकों में एक सात साल का बच्चा, पांच महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। यह हादसा शुक्रवार को हुआ जिसने पूरे पाकिस्तान सदमे में डाल दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह इमारत 1974 में बनी थी और 'खतरनाक घोषित' किया जा चुका था। इस इमारत में 20 फ्लैट थे, जिनमें से छह परिवार इन फ्लैट में घटना के समय रह रहे थे। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। रिश्तेदार खुद मलबे से लोगों को निकालने की कोशिश में जुट गए, जिससे रेस्क्यू में बाधा भी आई।

## ईरान के साथ भाईचारे वाला रिश्ता, उस पर हमला पूरे क्षेत्र की शांति पर असर

### पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान

इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान ने ईरान पर हुए अमेरिकी और इजरायली हमलों को लेकर अपनी स्थिति बेहद कड़ी और स्पष्ट रूप में सामने रखी है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि इस्लामी गणराज्य ईरान न सिर्फ हमारा



पड़ोसी है, बल्कि भाईचारा रखने वाला देश भी है, और उस पर हमला पूरे क्षेत्र की शांति के लिए गंभीर खतरा है।प्रवक्ता खान ने कहा, हमने ईरान पर हुए हालिया अमेरिकी और इजरायली हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। ये निंदा सबसे उच्च स्तर पर दर्ज कराई गई है। पाकिस्तान क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सिद्धांतों का पूर्ण समर्थन करता है।पाकिस्तान की यह प्रतिक्रिया तब आई है, जब मध्य-पूर्व में हालात बेहद संवेदनशील हैं और अमेरिका व इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों से ईरान, लेबनान, सीरिया सहित कई देशों में तनाव चरम पर है। ईरान पर हुए हमले को लेकर जहां चीन और रूस ने संयम बरतने की अपील की है, वहीं पाकिस्तान ने प्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और इज़रायल के खिलाफ खड़ा होकर अपने रुख को काफी हद तक स्पष्ट किया है। बता दें कि इजरायली हमलों के जवाब में ईरान ने भी यहूदी देश पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की सर्वोच्च नेता खामेनेई को युद्ध रोकने की धमकी दी थी।

## टेक्सास में बाढ़ ने ली 13 लोगों की जान, 20 से अधिक बच्चे लापता




ह्यूस्टन (आरएनएस)। सेंट्रल टेक्सास में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक बच्चे लापता हो गए। ये बच्चे ग्वाडालूप नदी के किनारे समर कैंप में भाग लेने के लिए गए थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टेक्सास के एक प्राइवेट क्रिश्चियन समर कैंप मिस्टिक में लगभग 23 बच्चे अभी भी लापता हैं।

इस कैंप में लगभग 750 बच्चे रहते हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम 14 हेलीकॉप्टर, 12 ड्रोन और 500 से ज्यादा लोग कैंप के आसपास खोज अभियान चला रहे हैं और कई वयस्कों और बच्चों को बचाया गया है। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लेइथा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस भीषण बाढ़ के कारण काउंटी में कम से कम 13 लोगों की मौत हुई है और कई लोग अभी भी लापता हैं। लेइथा ने कहा कि उन्हें आशंका है कि काउंटी में और भी मौतें दर्ज की जा सकती हैं। केरविले सिटी मैनेजर डाल्टन राइस ने कहा, हम अभी भी सक्रिय रूप से उन लोगों की तलाश कर रहे हैं जो बाहर हैं और जिन्हें मदद की जरूरत है। स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे) नेशनल वेदर सर्विस ने फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी है और नदी के किनारे रहने वाले निवासियों और कैंप में रहने वालों के मोबाइल फोन पर आपातकालीन अलर्ट भी भेजा है।सर्विस ने यह भी चेतावनी दी कि ग्वाडालूप नदी में पानी की एक और बड़ी लहर आगे बढ़ रही है, जिससे बाढ़ की स्थिति और घातक हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि ग्वाडालूप नदी का जलस्तर केर काउंटी में रातों रात रात 7.5 फीट (लगभग 2.3 मीटर) से बढ़कर लगभग 30 फीट तक पहुंच गया है और शुक्रवार दोपहर को स्प्रिंग ब्रांच में इसके 34 फीट तक पहुंचने की उम्मीद है।

## वन बिग ब्यूटीफुल बिल' बना अमेरिका में नया कानून, ट्रंप ने विधेयक पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ अब यह बिल एक कानून बन गया है। यह बिल प्रतिनिधि सभा के पारित किए जाने के एक दिन बाद आया, जिससे राष्ट्रपति ट्रंप के ऐतिहासिक कानून को अंतिम स्वीकृति मिल गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ट्रंप ने कहा, मैंने कभी देश में लोगों को इतना खुश नहीं देखा क्योंकि कई अलग-अलग वर्गों के लोग अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इनमें सेना, आम नागरिक और विभिन्न प्रकार की नौकरियों से जुड़े लोग शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून और लुइसियाना से रिपब्लिकन हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को सराहा, जिन्होंने इस विधेयक को कांग्रेस के दोनों सदनों से पारित कराने में अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप ने कहा, वह दोनों एक ऐसी टीम हैं, जिसे हराया नहीं जा सकता।

